डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com
website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5



PG-8

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमाः बेसरम रंग के बीच रिलीज होने जा रहा है 'पठान' का दूसरा गाना 'झूमे जो पठान', कव्वाली होगा अंदाज

वर्ष -08 अंक -248 | प्रयागराज गुरुवार, 22 दिसंबर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### किरेन रिजिजू ने याद दिलाया मनमोहन सिंह का शासनकाल

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** चीन के मुद्दे पर देश की संसद में केंद्र सरकार और विपक्षी दलों के बीच गतिरोध जारी है। इसी बीच, केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पर सीधा हमला बोला है। रिजिजू ने कहा कि संवेदनशील मुद्दों को राजनीतिक रूप से उठाना ठीक नहीं है। रिजिजू ने इस दौरान पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के शासनकाल को भी याद दिलाया। उन्होंने कहा कि साल 2005 में जब हम विपक्ष में थे और सीमा के विषय को उठाया था, तब प्रणब दादा और प्रधानमंत्री मनमोहन



सिंह ने मुझे बुलाकर कहा था कि भारत-चीन सीमा के मुद्द संवेदनशील होते हैं। ऐसे मुद्दों को उजागर न करके आंतरिक रूप से निपटना चाहिए। 2005 में जब हम विपक्ष में थे और बॉर्डर के विषय को उठाया था तब प्रणब दादा और प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मुझे बुलाकर कहा था कि भारत-चीन सीमा के मुद्द संवेदनशील होते हैं। उसे उजागर न करके आंतरिक रूप से निपटना चाहिएः ने आगे कहा, '2008 में चीनी राष्ट्रपति जब भारत आए थे तब भी हमने चर्चा की मांग की तब भी यही कहा गया। आडवाणी जी उस वक्त विपक्ष के नेता थे उन्होंने इस पर हामी भरी थी कि इसे बिना उजागर किए सुलझाया जाए। आज वही कांग्रेस बार-बार इसे चर्चा में लाने की मांग कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज वही कांग्रेस पार्टी बार-बार चर्चा की मांग कर रही है।

## मोदी आज करेंगे उच्च स्तरीय बैठक, देश में कोविड-19 की स्थिति पर होगी चर्चा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को लेकर आज बैठक कर चर्चा करेंगे। बैठक में कोरोना को लेकर पीएम मोदी बातचीत करेंगे और कोरोना की स्थिति की समीक्षा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार दोपहर कोविड -19 स्थिति (ण्दन्-19 नै घ्ट्टी) और इसके संबंधित पहलुओं की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करने वाले हैं। चीन में कोरोना की भयावह स्थिति को देखते हुए भारत सरकार भी अलर्ट हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बुधवार को देश में मौजूदा कोविड-19 स्थिति और महामारी की निगरानी, रोकथाम और प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की थी। उन्होंने लोगों से कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करने और कोविड-19 के खिलाफ टीका लगवाने का आग्रह किया। स्वास्थ्य मंत्री ने जोर देते हुए कहा था कि महामारी अभी खत्म नहीं हुई है, उन्होंने अधिकारियों को चुनौती देने और निगरानी बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तैयार रहने को कहा।



## नई शिक्षा नीति से आने वाले समय में पैदा होंगी सैंकड़ों द्रौपदी मुर्मु

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किसी दूसरे विभाग को समझें, जानकारी लें और फिर चर्चा करें। यानी कैबिनेट में दायित्व सामूहिक है तो हर मंत्री केवल अपने विभाग तक सीमित न



रहकर पूरी सरकार के कामकाज को समझे। यह प्रयोग किस स्तर तक जाएगा यह कहना तो मुश्किल है लेकिन सरकार उस दिशा में बढ़ गई है जहां हर मंत्री पूरी सरकार के लिए जिम्मेदारी का अहसास करे और हर व्यक्ति की जरूरतों को समझे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का मानना है कि देश में अब वह समय आने वाला है जब सबसे पिछड़ा आदिवासी समुदाय अपनी प्रतिभा के बल पर सबसे आगे की पंक्ति में खड़ा होगा। दैनिक जागरण के राष्ट्रीय ब्यूरो प्रमुख आशुतोष झा और विशेष संवाददाता अरविंद पांडेय के साथ बातचीत का एक अंश- जवाब- निश्चित रूप से नए पाठ्यक्रम में वीरगाथा को उचित स्थान दिया जा रहा है। अब तक हमें जो पढ़ाया गया उसमें कुछ लोगों ने एक खास नजरिए से इतिहास लिखा था। हमारे कई नायकों को भुला दिया गया। खासकर आदिवासी समाज को तो नजरअंदाज ही कर दिया गया था। मैं आपको खासतौर पर बताना चाहता हूं कि आदिवासी समाज के शौर्य को हम सामने लाएंगे। उनका जो हिस्सा है उन्हें देना ही पड़ेगा। जवाब- पहली बात तो यह कि कुछ वर्षों में मुखरता नहीं बढ़ी है, मोदी सरकार हमेशा से हर वर्ग के हित में काम कर रही है। 2014 के पहले आठ सालों में आदिवासियों से जुड़ी योजनाओं पर 19 हजार करोड़ रुपए केंद्र सरकार की ओर से खर्च किया जाता था, लेकिन वर्ष 2014 से 2022 तक मोदी सरकार में यह राशि बढ़कर 91 हजार करोड़ रुपए हो गई। इसमें लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। पीएम आवास योजना हो, शौचालय बनाने या बिजली की योजना हो, उज्जवला योजना हो आदि योजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ इसी वर्ग को मिला। आदिवासी समाज शुरू से हमारी प्राथमिकता में था। यह जरूर है कि अमृतकाल में राष्ट्रपति के पद पर द्रौपदी मुर्मु के चयन के बाद यह प्रसंग बड़ा हो गया है। जवाब- लाभ तो हमें पहले से ही मिलता रहा है। मध्य प्रदेश में हमने 60 के दशक में जिम्मेदारी संभाला है। वहां के आदिवासी भाजपा के साथ खड़े रहे। गुजरात में हमें 32 साल सेवा का मौका दिया है। पश्चिम बंगाल में भी हमें जो सफलता मिली है, तो वहां एससी, एसटी और ओबीसी के सबसे ज्यादा वोट मिले। ओडिशा की आठ लोकसभा में सात लोकसभा में जीत का कारण आदिवासी है। भाजपा और आदिवासी समाज के बीच राजनीति और वोट का रिश्ता नहीं है। हमने उनकी सेवा की है। उनका हम पर अटूट विश्वास है।

## लद्दाख से लेकर अरुणाचल तक चीन सीमा पर वायु सेना के गरुड़ कमांडो तैनात, सभी तरह के ऑपरेशन में सक्षम

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** कश्मीर घाटी में आतंकवाद विरोधी अभियानों और हवाई अड्डे की सुरक्षा में अपनी



ताकत साबित कर चुके भारतीय वायु सेना के गरुड़ कमांडो को चीन से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएएसी) पर उच्च ऊंचाई वाले स्थानों पर मई 2020 से तैनात किया गया है। भारतीय वायु सेना ने उन्हें नवीनतम एके-103 असाल्ट राइफल के साथ अमेरिकी सिग सायर असाल्ट राइफल जैसे नवीनतम हथियारों से भी लैस किया है। भारतीय वायुसेना के अधिकारियों ने बताया कि गरुड़ विशेष बल पूर्वी लद्दाख से लेकर सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश तक चीन सीमा के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात हैं। जरूरत पड़ने पर ये किसी भी तरह का अभियान चलाने में सक्षम हैं। सैन्य अधिकारियों के अनुसार एलएसी पर इन सैनिकों की तैनाती 2020 से ही है, जब भारतीय वायु सेना ने इस क्षेत्र में चीनी आक्रमण का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयारी की थी। गरुड़ रेजीमेंटल ट्रेनिंग सेंटर का दौरा करते हुए, वायु सेना द्वारा अपने गरुड़ कमांडो को प्रदान किए जा रहे नए हथियारों और उपकरणों को देखा। इनमें नवीनतम हथियार जैसे सिग सायर, एके-सीरीजकी असाल्ट राइफलें और इजराइली टेवर राइफलें आदि शामिल थीं। सैनिकों के पास गैलिल स्नाइपर राइफल्स के साथ-साथ नेगेव लाइट मशीनगन भी हैं जो 800-1000 मीटर की सीमा से दुश्मन सैनिकों को मार गिरा सकती हैं। बता दें कि गरुड़ ने जम्मू-कश्मीर में प्रसिद्ध रक्त हाजिन आपरेशन में नेगेव एलएमजी का इस्तेमाल किया था। वह गरुड़ टीम ने पांच आतंकवादियों को मार गिराया था। कार्पोरल ज्योति प्रकाश निराला को मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया गया था।

## सऊदी अरब में परीक्षा हॉल में अबाया नहीं पहन सकेंगी छात्राएं, नियमों के अनुरूप ड्रेस कोड का पालन हुआ जरूरी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** सऊदी अरब में छात्राएं अब परीक्षा हॉल में अबाया नहीं पहन सकेंगी। सऊदी अरब ने परीक्षा हॉल में अबाया पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया है। सऊदी शिक्षा और प्रशिक्षण मूल्यांकन आयोग (ईटीईसी) ने कहा कि परीक्षा हॉल में छात्राओं को स्कूल की वर्दी पहननी चाहिए। उत्तरी परीक्षा के दौरान हिजाब पहनने की अनुमति है। वर्ष 2018 में सऊदी अरब ने यह भी घोषणा की कि अबाया अब कानूनी रूप से लागू नहीं होगा। यह कदम राज्य के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने उठाया था। सऊदी में महिलाओं के और अधिक अधिकार दिए जा रहे हैं, जिसमें महिलाओं को सार्वजनिक खेल



अफ्रीका, अरब प्रायद्वीप और कई मुस्लिम देशों में अबाया (सिर से पांव तक पहना जाने वाला ढीला कपड़ा) पहना जाता है। ईटीईसी ने सऊदी की एक लड़की डालिया के ट्वीट का जवाब देते हुए ने ट्वीट किया, '' परीक्षा देने के समय लबादा पहनना मना है। परीक्षा स्थलों में शालीनता बनाए रखने के लिए नियमों के अनुरूप ड्रेस कोड का पालन जरूरी है।'' डालिया ने उससे पूछा कि क्या आयोजनों में भाग लेने और कार चलाने का अधिकार शामिल हैं। क्राउन प्रिंस ने 2018 के साक्षात्कार में कहा था, ''कानून शरिया (इस्लामी कानून) के कानूनों में बहुत स्पष्ट और निर्धारित हैं कि महिलाएं पुरुषों की तरह सभ्य, सम्मानजनक कपड़े पहनें।'' यह निर्णय पूरी तरह से महिलाओं पर छोड़ दिया गया है कि वह किस प्रकार की सभ्य और सम्मानजनक पोशाक पहनना चाहती हैं।

## असम में सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने का अभियान रहेगा जारी


(आधुनिक समाचार सेवा)
**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने विपक्षी दलों की अपीलों को नजरंदाज करते हुए बुधवार को कहा कि भाजपा शासित का काम जारी रखेंगे। हम बटद्रवा सहित राज्यभर में सरकारी और वन भूमि को खाली कराएंगे।' मुख्यमंत्री ने सदन को बताया कि सरकारी जमीन से हटाये



राज्य असम में सरकारी और वन भूमि से अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी रहेगा। हाल ही में असम के मध्यकालीन वैष्णव संत शंकरदेव के जन्मस्थान के आसपास के क्षेत्र स्थित सरकारी भूमि से 5,000 से अधिक अतिक्रमण करने वालों को हटाया गया है। अतिक्रमण हटाना एक सतत प्रक्रिया : बिस्वा राज्य विधानसभा में कांग्रेस विधायक कमलाख्या डे पुरकायस्थ द्वारा शून्यकाल में यह मुद्दा उठाए जाने के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, 'अतिक्रमण हटाना एक सतत प्रक्रिया है और यह नहीं रुकेगी। इस पर बात करने का कोई मतलब नहीं है। हम जमीन खाली कराने गए कई लोग असम में भूमिहीन थे, उन्हें सत्यापन के बाद सरकार द्वारा विभिन्न स्थानों पर जमीन के पट्टे दिए गए हैं। उन्होंने कहा, 'सभी लोगों को चाहे वे हिंदू हों या मुसलमान, उन्हें सत्रो (वैष्णव मठ) की जमीन खाली करनी होगी। हम सभी से अतिक्रमण वाली जमीन खाली करने का आग्रह करते हैं. नहीं तो हमें उसे खाली करवाना पड़ेगा।' मुख्यमंत्री सरमा ने वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए गौहाटी हाई कोर्ट के आदेश का हवाला दिया और कहा कि अगला बड़ा अभियान निचले असम के गोलपारा जिले में चलाया जाएगा।

## एलऐसी के मुद्दे पर केंद्र करे चीन से बातचीत, सरकार विपक्ष को विश्वास में ले

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** कुछ दिनों पहले हुई अरुणाचल प्रदेश के तावांग में चीनी और भारतीय सेनाओं के बीच झड़प को लेकर विपक्ष लगातार सरकार को घेर रही है। इसी बीच बुधवार को कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री शशि चीन विवाद के बारे में मीडिया में खबरें आती रही हैं, लेकिन सदन को गंभीरता से कोई हिसाब नहीं दिया गया। 1962 में जब चीन के साथ युद्ध छिड़ा हुआ था, तब लोकसभा में जवाहर लाल नेहरू ने व्यापक चर्चा की अनुमति दी थी। थरूर ने आगे कहा कि लोगों





थरूर ने कहा कि केंद्र को चीन के साथ एलएसी पर मुद्दों को सुलझाना चाहिए और लोगों को जवाब देना चाहिए सरकार को लोगों के प्रति जवाबदेह बताते हुए थरूर ने कहा कि विपक्षी दल सदन में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। थरूर ने आगे कहा कि चीन के मुद्दे को लेकर सभी दल एकजुट हैं और हमें देश और देश की सुरक्षा के लिए खड़े हैं। उन्होंने कहा, 'हम चाहते हैं कि सरकार हमें विश्वास में ले और भारत के लोगों को भी सरकार को विश्वास में लेने की जरूरत है। थरूर ने दावा किया कि पिछले ढाई साल में भारत-को पता होना चाहिए कि आखिर मामला क्या है। गौरतलब है शशि थरूर ने तवांग सेक्टर में चीन के नापाक चाल को धवस्त करने वाले भारतीय सैनिकों की तारीफ भी की। उन्होंने यह भी कहा कि सेना की आलोचना करने का कोई सवाल ही नहीं उठता है, हालांकि सवाल देश की लीडरशिप पर उठ रहे हैं इसके अलावा कुछ दिनों पहले कांग्रेस अध्यक्ष ने इस मुद्दे पर जुबानी तीर छोड़ा। खरगे ने सरकार से चीन के मुद्दे पर चर्चा करने की मांग की। खरगे ने ट्वीट करते हुए कहा कि चीन डोकलाम से लेकर जमफेरी रिज तक अपना निर्माण कर रहा है।

## संसदीय दल की बैठक में सोनिया गांधी का सरकार पर निशाना

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने न्यायपालिका के खिलाफ सत्ता पक्ष के हमलों को चिंताजनक करार देते हुए कहा है कि न्यायिक सुधारों की बहस के बहाने सरकार जनता की नजरों में न्यायपालिका की संबोधित करते हुए सोनिया गांधी ने शीर्ष न्यायपालिका की सरकार के अलग-अलग तंत्रों की ओर से की जा रही आलोचनाओं का हवाला देते हुए कहा कि मौजूदा सत्ता उनके रास्ते में आने वाली संस्थाओं को कमजोर करने में सक्रिय रूप से जुटा हुआ है। ऐसा केवल केंद्र में ही नहीं हर उस राज्य में



हैसियत को कमजोर करना चाहती है। साथ ही चीन के अतिक्रमण के मुद्दे पर संसद में बहस नहीं कराने को लेकर भी सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि गंभीर राष्ट्रीय चिंता के मामलों पर चुप्पी इस सरकार के कार्यकाल की विशेषता बन गई है। मुद्रास्फीति, बेरोजगारी, सामाजिक ध्रुवीकरण की चुनौती के साथ लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किए जाने को लेकर भी उन्होंने सरकार पर निशाना साधा। संसद के शीत सत्र के दौरान पार्टी संसदीय दल की बैठक को हो रहा जहां सत्ताधारी पार्टी की सरकार है। कानून मंत्री किरण रिजिजु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के हालिया बयानों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि न्यायपालिका पर सुनियोजित तरीके से हमला किया जा रहा है और मंत्रियों से लेकर एक उच्च संवैधानिक पद को इसके लिए लगाया गया है। चीनी घुसपैठ पर संसद में चर्चा नहीं कराए जाने को लेकर सरकार पर प्रहार करते हुए सोनिया गांधी ने कहा कि बहस से ऐसी चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए देश की प्रतिक्रिया को मजबूती मिलती है।

## चीन के मुद्दे पर चर्चा के लिए विपक्ष संसद के भीतर ही नहीं बाहर भी हुआ आक्रामक

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीनी घुसपैठ की कोशिशों से उपजे तनाव पर बहस का दबाव बढ़ाते हुए विपक्षी दलों ने बुधवार को संसद के भीतर ही नहीं बाहर भी विरोध प्रदर्शन किया। संसद में चर्चा की मांग करते हुए विपक्ष ने लोकसभा में हंगामा कर सदन को कुछ समय के लिए अवरूद्ध करने के साथ ही वाकआउट कर आक्रामक रूख अपनाया। वहीं संसद भवन परिसर में संप्रग अध्यक्ष सोनिया गांधी की अगुआई में 12 विपक्षी दलों के सांसदों और नेताओं ने विरोध लोकसभा में प्रश्नकाल शुरू होते ही सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी के साथ द्रमुक के टीआर बालू ने अरुणाचल प्रदेश के तवांग में एलएसी पर चीनी सैनिकों के अतिक्रमण के प्रयासों के दौरान हुई झड़प का मुद्दा उठाते हुए बहस की मांग की। अधीर ने कहा कि चीन की घुसपैठ की कोशिशें गंभीर चिंता का विषय है और इस पर चर्चा कराने की विपक्ष की मांग बिल्कुल जायज है। लेकिन स्पीकर ओम बिरला ने अधीर समेत अन्य



विपक्षी सांसदों को इसकी इजाजत नहीं दी और हंगामा तेज हुआ तो प्रश्नकाल स्थगित हो गया। शून्यकाल में भी कांग्रेस और द्रमुक के अलावा तृणमूल कांग्रेस, जदयू आदि के सदस्यों ने बहस की मांग ठुकराए जाने के खिलाफ मुखर आवाज उठाई और फिर वाकआउट कर अपना विरोध दर्ज कराया। चीनी अतिक्रमण के मुद्दे को संवेदनशील बता सरकार विपक्ष की बहस की मांग को खारिज कर रही है मगर विपक्षी पार्टियां इसे सहमत नहीं हैं। सरकार पर चर्चा का दबाव बनाने की नई रणनीति के तहत बुधवार को विपक्ष ने सदन शुरू होने से पहले संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने एकत्र होकर चीन के मुद्दे पर चर्चा की आवाज बुलंद की। सोनिया गांधी के नेतृत्व में 12 विपक्षी दलों के सदस्यों के इस विरोध प्रदर्शन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, अधीर रंजन चौधरी, टीआर बालू समेत कई वरिष्ठ विपक्षी नेता शरीक हुए। विपक्षी खेमे की इन दलों में कांग्रेस के अलावा माकपा, भाकपा, द्रमुक, एनसीपी, जदयू, राजद, शिवसेना आदि के सांसद शामिल हुए। संसद के भीतर चीन के मुद्दे पर बहस की मांग के साथ विपक्षी वाकआउट में शामिल हो रही तृणमूल कांग्रेस के नेता संसद परिसर में हुए विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं हुए। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते हुए विपक्षी नेताओं ने कहा कि सरकार को चीन के अतिक्रमण पर संसद में सवालों का जवाब देना होगा। विपक्षी नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी इस मुद्दे पर चुप्पी तोड़ने की मांग करते नजर आए।

# सिविल लाइंस में लूट करने वाले बदमाशों की फुटेज से पहचान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** शहर के पॉश इलाके सिविल लाइंस में बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े दो लाख रुपये की। इन बदमाशों की तलाश अब सीसीटीवी फुटेज से की जा रही है। लुटेरों की बाइक का नंबर फर्जी निकला। पुलिस और क्राइम ब्रांच उनकी तलाश में छापामारी कर रही है। पुलिस ने बताया कि नैनी निवासी शांतिदेवी अपने बेटे के साथ सोमवार को शहर आई थीं। पुलिस लाइन के सामने स्थित एसबीआई बैंक से उन्होंने दो लाख रुपये निकाले। इस बीच मिश्र भवन के सामने सिविल लाइंस में बाइक सवार लुटेरे पीछे से पहुंचे और शांति देवी के हाथ से रुपयों से भरा बैग छीन लिया, फिर भाग निकले। पुलिस चौराहे पर लगे सीसीटीवी फुटेज से उनकी लोकेशन ट्रेस करने में लगी है।



# ई-रिक्शा चालक ने महिला का नंबर लोगों को बांटा, भेज रहे हैं अश्लील मैसेज

## घर में घुसकर की मारपीट, 5 पर एफआईआर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** करेली में एक महिला ने 5 लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने, मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि एक ई-रिक्शा चालक सामान छोड़ने के लिए घर आया था। उस दौरान महिला का मोबाइल नंबर ले लिया था।बाद में उसने वहीं नंबर कई लोगों को दे दिया। अब महिला के मोबाइल नंबर पर अश्लील वीडियो और मैसेज भेजे जा रहे हैं। पुलिस ने इस नंबर को सर्विलांस पर लिया है। महिला ने ई-रिक्शा चालक से मिलकर आपत्ति दर्ज कराई। आरोप है कि ई-रिक्शा चालक ने महिला के घर में घुसकर मारपीट की। महिला को जान से मारने की धमकी देते हुए मोबाइल ही तोड़ दिया। महिला ने अब्दुल्लाह, तारा, राजा, समीर, अशफाक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि अब्दुल्लाह ने पीड़िता का नंबर अन्य लोगों को दे दिया। इसके बाद महिला को परेशान किया जाने लगा। महिला ने इसकी शिकायत अब्दुल्लाह की मां से की थी। इस बात से नाराज होकर ई रिक्शा चालक महिला के घर पर आ गया।



# कीटनाशी विक्रेताओं के पास संबंधित डिग्रा या डिप्लोमा न होने पर होगी कार्यवाही

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी डा0 अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की अधिसूचना के क्रम में एक व्यक्ति को कीटनाशी विक्रेता बनने हेतु संबंधित डिग्री या डिप्लोमा प्राप्त करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने बताया कि विक्रय, स्टाक या विक्रय के लिये प्रदर्शन या कीटनाशी के वितरण हेतु लाइसेंस प्राप्त करने के लिये आवेदन करना होगा।वह कृषि विज्ञान या जैव रसायन या जैव प्रौद्योगिकी या जैव विज्ञान या ऐसा विज्ञान जिसमें रसायन विज्ञान या जीवन विज्ञान या प्राणी विज्ञान में स्नातक डिग्री के रूप में न्यूनतम अर्हता या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कृषि या बागवानी में एक वर्ष डिप्लोमा पाठ्यक्रम के रूप में न्यूनतम अर्हता धारण करता हो, सभी कीटनाशी फुटकर विक्रेता या डीलर जो इस उप नियम के अधिसूचना की तारीख को विधिमान्य अनुज्ञप्ति को धारण नहीं करते हो, उन्हें शैक्षिक अर्हता प्रदान करने के लिये 02 वर्ष का समय दिया गया था इसके उपरान्त भी समय-समय पर शैक्षिक अर्हता पूर्ण करने हेतु समय दिया जाता रहा है जिसकी अन्तिम समय सीमा 31 दिसम्बर 2022 है। ऐसे सभी फुटकर कीटनाशी या डीलर विक्रेता द्वारा शैक्षिक अर्हता पूर्ण नहीं की गई है व कीटनाशी लाइसेंस धारक है को सूचित किया जाता है कि वह किसी राज्य विश्वविद्यालय अथवा कृषि विज्ञान केन्द्र अथवा राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबन्ध संस्थान, हैदराबाद अथवा राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायत राज संस्थान अथवा राष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य प्रबन्धन संस्थान हैदराबाद, राज्य कृषि प्रबन्धन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान केन्द्र अथवा राज्य अनुसंधान संस्थानों अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से सप्ताह में एक बार कक्षाओं सहित प्रति सप्ताह प्रतिदिन 12 सप्ताह की अवधि का प्रशिक्षण कार्यक्रम सर्टिफिकेट कोर्स ऑन इन्सेक्टीसाइड्स मैनेजमेन्ट तत्काल कर लें अन्यथा शैक्षिक अर्हता पूर्ण न करने की दशा में 31 दिसम्बर 2022 के बाद उनका कीटनाशक लाइसेंस स्वतः निरस्त हो जायेगा जिसके लिये वह स्वयं उत्तरदायी होगें।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय में काम ठप्प

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** हिंसा और आगजनी के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय में आज मंगलवार को काम नहीं होगा। वाइस चांसलर संगीता श्रीवास्तव की सहमति के बाद रजिस्ट्रार ने एक नोटिस जारी कर कहा की अवांछित तत्वों ने गेट का ताला तोड़ दिया था। जिसकी वजह से सुरक्षा गार्ड और उनके बीच हिंसा हुई थी। यह आगजनी और पत्थरबाजी तक पहुंच गई।

# मज़ार पर आये मनोरोगियों से डॉक्टरों की अपील, दुआ के साथ दवा भी लेने का आग्रह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** शहर में बुधवार को मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन हिम्मतगंज के पीर बाबा मजार पर आयोजित हुआ। मौजूदगी में यह आयोजन अलग अलग मजारों व अन्य स्थलों पर आयोजित हो रहा है। पीर बाबा मजार पर मौलाना काजी फैजान उल्ला एवं मौलाना शकील ने भी




कार्यक्रम में मोती लाल नेहरू मंडलीय अस्पताल के (काल्विन) के वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. राकेश पासवान की अगुवाई में मनोचिकित्सक ने लोगों को दुआ के साथ दवा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. राजेश सिंह की इसमें सहयोग किया। मनोचिकित्सक डॉ. राकेश कुमार पासवान ने मजार पर आए लोगों को सरकार की तरफ से चल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी एवं मानसिक रोगों के उपयुक्त इलाज के बारे में बताया।

# साधू-संतों की मांग, माघ मेला क्षेत्र से पांच किलोमीटर के दायरे में मांस-मदिरा की बिक्री पर लगे रोक



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** माघ मेला शुरू होने से ठीक पहले साधु संतों और तीर्थ पुरोहितों ने संगम से पांच किलोमीटर के दायरे में मांसाहार और शराब की बिक्री पर रोक की मांग उठाई है। साधु संतों का कहना है कि मेला क्षेत्र के आसपास ऐसी चीजों की बिक्री पर रोक लगनी चाहिए। प्रशासन को लिखित आदेश जारी करने के साथ ही दुकानों पर कार्रवाई करनी चाहिए। अलोपशंकरी मंदिर के प्रमुख आचार्य व महानिर्वाणी अखाड़े के महंत जमुनापुरी व तीर्थ पुरोहित राजेंद्र पालीवाल ने मेलाधिकारी अरविंद चौहान को इसके लिए ज्ञापन दिया। साथ ही ज्ञापन की कॉपी मंडलायुक्त को भी भेजी है।

# निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग आरक्षण का मुद्दा: इलाहाबाद हाईकोर्ट में कल तक के लिए टली सुनवाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में होने वाले निकाय चुनाव में अन्य पिछड़े वर्ग के आरक्षण को लेकर मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में सुनवाई हुई। मामले पर कोई फैसला नहीं आया। अब बुधवार को भी सुनवाई जारी रहेगी। सोमवार को दाखिल किए गए जवाबी हलफनामे में सरकार ने कहा है की 2017 में हुए अन्य पिछड़ा वर्ग के सर्वे को आरक्षण का आधार माना जाए। शहरी विकास विभाग के सचिव रंजन कुमार ने हलफनामे में कहा है कि किन्नरों को चुनाव में आरक्षण नहीं दिया जा सकता।

# इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में रैपिड एक्शन फोर्स तैनात; मारपीट आगजनी के बाद तनाव बरकरार



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** तोड़फोड़ और आगजनी के साक्ष्य जुटाने को टीमें गठित, 3 मांगों पर अड़े आंदोलनकारी छात्रङ इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्र नेताओं पर हुए हमले के बाद परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। दरअसल, छात्रसंघ भवन पर जुटे सैकड़ों छात्र कर्नलगंज थाने का घेराव करने जा रहे थे। मगर पुलिस ने उन्हें रोक दिया। छात्रों ने 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उधर, पुलिस ने तोड़फोड़ और आगजनी के साक्ष्य जुटाने का काम शुरू कर दिया है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। आंदोलनकारी छात्र 3 मांगों पर अड़े हुए हैं। छात्रों का कहना है कि छात्रों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं। दोषी सुरक्षा कर्मियों की गिरफ्तारी करके उन्हें जेल भेजा जाए। सिक्योरिटी कंपनी का लाइसेंस निरस्त किया जाए। मंगलवार को छात्रसंघ भवन पहुंचे इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष संजय तिवारी ने कहा कि मांगे पूरी नहीं होने पर बड़ा आंदोलन होगा। पूर्व अध्यक्ष रोहित मिश्रा ने कहा कि हम सड़क से लेकर सदन तक लड़ेंगे।

# भ्रष्टाचार् के मामले में एसडीएम गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए मंगलवार को चंदौली के नौ साल पुराने आवास घोटाले में अंबेडकरनगर के एसडीएम को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं गोंडा में कार्य में अनियमितता और मरीजों से वसूली की शिकायत के बाद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दो डॉक्टरों समेत छह स्वास्थ्यकर्मियों की बर्खास्तगी के आदेश दिए हैं।दरअसल चंदौली नगर पंचायत में 2011 में अधिकारियों ने अपने परिचितों और रिश्तेदारों के साथ कर्मचारियों को 40 कांशीराम आवास आवंटित कर दिए थे। इस मामले में क्षेत्र के चंद्रमोहन सिंह ने 2013 में चंदौली थाने में मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की। इसके बाद हाईकोर्ट से चंदौली के एसपी को तलब कर मामले में 11 आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया।इस मामले में चंदौली पुलिस ने सोमवार को चंदौली के पूर्व ईओ राजेंद्र प्रसाद को बलिया जिले के रसड़ा नगर पालिका से गिरफ्तार किया। इसके बाद आवास आवंटन के समय नायब तहसीलदार रहे और वर्तमान में अंबेडकरनगर के भीटी के एसडीएम सुनील कुमार बरनवाल को उनके आवास से सोमवार की देर रात गिरफ्तार कर लिया। दोनों अधिकारियों को मंगलवार की शाम चंदौली कोर्ट में पेश किया गया। यहां से उन्हें वाराणसी जेल भेज दिया गया।

# राज्यपाल के काफिले मे एडीएम मजिस्ट्रेट लिखा वाहन अचानक पलटा, मचा हड़कंप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।**राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के काफिले में शामिल गाड़ी सब्जी मंडी तिराहे के पास पलट गई। कोई हताहत नहीं। सभी सुरक्षित हैं। राज्य विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह से लौटते समय मिर्जापुर राज मार्केट सब्जी मंडी तिराहे के पास काफिले में मौजूद गाड़ी अचानक पलट गई। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों वा साथ चल रही गाड़ियों में मौजूद लोगों में तत्काल गाड़ी को सीधा किया। काफिला एक मिनट रुकने के बाद आगे बढ़ गया। जो गाड़ी पलटी थी उस पर एडीएम मजिस्ट्रेट लिखा था। इसमे से निकलकर एक अधिकारी दूसरे वाहन में बैठकर रवाना हो गए। बताया जा रहा है कि काफिले के बीच में अचानक एक स्कूटी सवार आ गया। जिसके चलते ड्राइवर ने पावर ब्रेक मार दिया। गाड़ी पलट गई। उसके चारों पहिए ऊपर हो गए। आनन-फानन में लोगों ने वाहन में बैठे अधिकारी को बाहर निकाल कर दूसरे वाहन में बैठाकर रवाना किया। इसके बाद बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई और वाहन को सीधा किया।



# यूपी निकाय चुनाव पर आज अहम सुनवाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** हाई कोर्ट के फैसले पर टिकी सभी दल की निगाहें सरकार ने दाखिल किया जवाब उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव को लेकर दायर याचिकाओं पर इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच में आज सुनवाई होगी। सरकार की ओर से हाई कोर्ट में जवाब पेश कर दिया गया है। जवाब पर बहस के बाद आज मंगलवार देर शाम तक फैसला आने की उम्मीद है। हाई कोर्ट का फैसला याचिकाकर्ताओं के पक्ष में आया तो निकाय चुनाव अप्रैल-मई 2023 तक टल सकते है। प्रदेश के सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं के साथ निकाय चुनाव के लाखों दावेदारों और उनके समर्थकों की निगाहें न्यायालय के फैसले पर टिकी है। योगी सरकार के अपर महाधिवक्ता विनोद शाही की ओर से निकाय चुनाव को लेकर दायर याचिकाओं पर सरकार ने अपना जवाब पेश कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक सरकार ने आश्वस्त किया है कि निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण की संवैधानिक व्यवस्था का पूरी तरह पालन किया गया है।




# राशिद के लिए इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** करीब 68 हजार करोड़ रुपये के शाइन सिटी घोटाले की सुनवाई कर रही इलाहाबाद हाई कोर्ट को बताया गया कि मुख्य अभियुक्त राशिद नसीम के लिए इंटरपोल ने रेड कार्नर नोटिस जारी कर दिया है। श्रीराम राम की याचिका की सुनवाई कर रही मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल तथा न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की खंडपीठ ने फिर जांच एजेंसियों की खिंचाई की। कहा वकीलों को तमाम जानकारियां मिल रही हैं और एजेंसी को खबर नहीं है। वकीलों के खंडपीठ ने बताया कि 2019 में सीईओ राशिद नसीम नेपाल में



पकड़ा गया तो उसे वहां से छुड़ाने में केंद्र सरकार ने मदद की थी और छूटने के बाद वह दुबई भाग गया। वहीं से वह कंपनी की संपत्तियां बेच रहा है। खंडपीठ ने कहा, एजेंसियां जांच के नाम पर केवल पत्राचार कर रही हैं। आरोपित फैज अहमद, कासिर जिलानी अपने नाम से दो आधार कार्ड, पैन कार्ड बनवाकर धोखा दे रहे हैं। दो अलग-अलग आधार कार्डों से खाते खुलवाए गए हैं। दोनों ही आधार कार्डों के नंबर एक ही हैं पर नाम अलग। दुबई में बैठा मुख्य आरोपित विदेश में ही पासपोर्ट बनवा ले रहा है पर जांच एजेंसियां ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रही हैं। आरोपितों पर प्रदेश के अलग-अलग थानों में प्राथमिकी दर्ज है।



# दिल्ली-यूपी से बिहार तक घने कोहरे की चादर, उत्तर भारत में शीतलहर का अलर्ट

## प्रयागराज समेत कई शहरों में ट्रेनों की रफ्तार हुई कम
## कानपुर में 4 फ्लाइट कैंसिल, ग्रेटर नोएडा में बस पलटी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** उत्तर भारत के राज्यों में ठंड और कोहरे का सितम देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग की मानें तो अगले दो दिनों तक दिल्ली, यूपी, बिहार, पंजाब में घना वे पर बस रेलिंग तोड़कर 10 फीट नीचे गिर गई। हादसे में एक की मौत हो गई। 15 यात्री घायल हैं। वहीं, लखनऊ में सुबह की विजिबिलिटी 25 मीटर दर्ज की। कानपुर में भी हालात कुछ ऐसे ही रहा था। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना व्यक्त की है। इस दौरान कार-बाइक वाले 20-25 किमी. की स्पीड से गाड़ी चलानी पड़ी। मंगलवार को सुबह आने वाली



कोहरा छाए रहने का ऑरेंज अलर्ट है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब में मंगलवार को सुबह के वक्त घने कोहरे की चादर है। हिमाचल प्रदेश और पंजाब के लिए मौसम विभाग ने घने से बहुत घने कोहरे का रेड अलर्ट जारी किया है। यूपी में घने कोहरे का कहर लगातार दूसरे दिन भी दिखाई दिया। ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-रहे। कोहरे का असर फ्लाइट से लेकर ट्रेन पर दिखाई दिया। कानपुर में 4 फ्लाइट कैंसिल हुईं। लखनऊ में फ्लाइट को वाराणसी के लिए डायवर्ट करना पड़ा। लखनऊ में मंगलवार की सुबह घना कोहरा रहा। शहर के कुछ इलाकों में विजिबिलिटी 25 मीटर तक दर्ज की गई है। यानी, 25 मीटर से आगे का कुछ भी नजर नहीं आ श्रमशक्ति और स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस 6 घंटे की देरी से कानपुर पहुंची। इस दौरान दिल्ली, आगरा, मथुरा और मेरठ से आने वाली 47 बसें 4 घंटे देरी से सुबह के बजाय दिन में 10 बजे के बाद झकरकटी या फिर चुन्नीगंज डिपो पहुंचीं। ट्रेनों के लेट के चलते 4987 यात्रियों ने टिकट कैंसिल कर दिया। इस वजह से पूछताछ काउंटर पर भीड़ दिखाई दी।

# पेंसिल का छिलका गले में फंसा कक्षा एक की छात्रा की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** दर्द से कराहती मासूम ने तड़प-तड़पकर तोड़ा दम हमीरपुर में पेंसिल का छीलका गले में फंसने से कक्षा एक की छात्रा की दर्दनाक मौत का मामला सामने आया है। होमवर्क करने के लिए छात्रा मुंह भी जाता है वहां महिला और उसके साथी पहुंच जाते हैं और उसके साथ मारपीट करते हैं। पीड़ित ने अपने अधिवक्ता की सहयता से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में परिवाद दायर किया। जिसकी सुनवाई अपर न्यायिक



में कटर दबाकर पेंसिल छील रही थी। इसी दौरान पेंसिल की छीलन कटर से निकलकर स्वांस नली में फंस गई। जिससे उसकी मौत हो गई।वादी का कहना है कि वह जहां मजिस्ट्रेट द्वितीय सचिन दीक्षित की अदालत में की गई। जिसमें अदालत ने आरोपों को संगीन मानते हुए परिवादी के बयानों के लिए आगामी दो जनवरी लगा दी है।

# यूनिवर्सिटी हिंसा मामलाः पूर्व छात्र नेता व कांग्रेस प्रदेश सचिव विवेकानंद पाठक समेत 8 पर केस दर्ज

## कल 43 सुरक्षा गार्डों पर दर्ज कराई गई थी एफआईआर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में हुई पत्थरबाजी और आगजनी के मामले में सुरक्षा गार्डों ने आज मंगलवार को पूर्व छात्र नेता और कांग्रेस सचिव विवेकानंद पाठक उग्र भीड़ ने पथराव, तोड़फोड़ के साथ आगजनी की। कार्यालयों के दरवाजे-खिड़कियों के साथ ही दर्जनों वाहन क्षतिग्रस्त कर दिए। दो बाइकें व जनरेटर फूंकने के साथ कैंटीन को भी आग के हवाले कर दिया



समेत आठ के खिलाफ कर्नलगंज थाने में नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। सोमवार देर रात को पाठक की शिकायत पर 43 गार्डों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। कल सोमवार को इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्रों की पिटाई के बाद जमकर बवाल हुआ था। थे। सुरक्षा गार्डों ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि विवेकानंद पाठक ने उनको यूनियन गेट खोलने के लिए कहा। जब उन्होंने खोलने से मना किया तो पाठक ने एक गार्ड को थप्पड़ मार दिया। आरोप है की छात्रों ने पत्थर भी बरसाने शुरू कर दिए जिससे सारे गार्ड वहां इकट्ठा हो गए। साथ ही छात्रों ने उन्होंने वहां खड़ी पांच गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। वहीं छात्र नेताओं का आरोप है कि सुरक्षा गार्डों ने छात्रों की पिटाई के साथ ही फायरिंग की। इसमें आठ छात्र जख्मी हुए हैं। बवाल पूर्व छात्रनेता व कांग्रेस के प्रदेश सचिव विवेकानंद पाठक से अभद्रता से शुरू हुआ। वह यूनियन हॉल के पास स्थित एसबीआई शाखा में जा रहे थे। आरोप है कि सुरक्षा गार्डों ने उन्हें भीतर जाने से रोक दिया। इसे लेकर नोकझोंक हुई तो एक असिस्टेंट प्रोफेसर के बीचबचाव पर मामला शांत हो गया और विवेकानंद भीतर चले गए। आरोप है कि कुछ देर बाद बड़ी संख्या में गार्ड डंडे व लोहे की रॉड व असलहों से लैस होकर आए और छात्रों को पीटना शुरू कर दिया। निहत्थे छात्रों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। आरोप है कि विरोध पर फायरिंग भी की गई। इसकी जानकारी पर बड़ी संख्या में छात्र जुट गए और उन्होंने पथराव करते हुए गार्डों को खदेड़ लिया।

# बलिया:शिक्षा के मंदिर मे एक नई पहल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया/लखनऊ।**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसाओ में बेसिक शिक्षा के विद्यालय के वातावरण को खुशनुमा बनाने के लिए विभिन्न विषयों के साथ-साथ कला एवं संगीत में निपुण बनाने





पर बल दिया उसको बेसिक शिक्षा में लागू करने के लिए सरोजिनी नगर लखनऊ में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों के लिए कला एवं संगीत संदर्भदाता का प्रशिक्षण चला जा रहा है।उत्तर-प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रशिक्षण लेने के उपरान्त वापस आते ही लोकप्रिय शिक्षिका अंजली तोमर ने बलिया की शिक्षा के मंदिर मे इस नई पहल! के लिए तत्पर है। इस दौरान उन्होंने कहा कि कला एवं संगीत के माध्यम से परिषदीय विद्यालय के माहौल को बनाया जाएगा खुशनुमा। इस उधमिता विकास संस्थान में प्रत्येक जनपद के प्राथमिक स्तर व उच्च प्राथमिक स्तर के दो-दो शिक्षकों को जनपदीय सन्दर्भदाता का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें बलिया से प्राथमिक स्तर से जिले के शिक्षा की मंदिरो मे अपनी एक अलग पहचान बनाऐ रखने और शासन प्रशासन द्वारा कई बार पुरस्कृत अंजली तोमर सहायक अध्यापिका प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर हनुमान गंज,चंचल डांगर सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय बाबूराम छपरा दुबहड़ एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर संतोष कुमार भारती और जयशंकर प्रसाद बांसडीह प्रतिभाग किया। इस दौरान सन्दर्भदाता का प्रशिक्षण प्राप्त कर वापस लौटे शिक्षकों ने बताया कि कला एवं संगीत के माध्यम से प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यालयों के वातावरण को खुशनुमा बनाया जाएगा साथ ही जनपद की प्रत्येक विद्यालय के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। ताकि अपने विद्यालय में जाकर बच्चों को कला एवं संगीत सिखा सकें क्योंकि कला और संगीत निपुण होने पर बालक व बालिकाऐ अपने कौशल को निखार सकेगे।

# मिलावटी खाद्य पदार्थों की विक्रय पर होगी कठोर कार्यवाही -डीएम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-द्वितीय धीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में माह नवम्बर तक की प्रर्वतन कार्यवाहियों एवं जन जागरूकता हेतु किये गये कार्यक्रमों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने खाद्य पदार्थो में मिलावट के रोकथाम के लिये अब तक किये गये प्रयासों की जानकारी प्राप्त की तथा खाद्य सुरक्षा के सम्बन्ध में और अधिक जन जागरूकता एवं प्रचार प्रसार करने पर बल देने हेतु निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी से जानकारी ली कि अब तक कितनें स्कूलों में खाद्य पदार्थो के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तो बताया गया कि अप्रैल से अब तक 20 विद्यालयों में खाद्य पदार्थो के सम्बन्ध में जागरूक किया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिला विद्यालय निरीक्षक से इण्टर कालेज और डिग्री कालेज के अध्यापकों की सूची प्राप्त कर अध्यापकों को खाद्य सुरक्षा का प्रशिक्षण देकर जनपद में अधिक से अधिक खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षक तैयार करें जिससे वे विद्यालयों के विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक कर सके। उन्होने निर्देशित किया कि जनपद में मिलावटी खाद्य/पेय पदार्थो की विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु नियमित रूप से निरीक्षण एवं प्रर्वतन की कार्यवाही करें। खाद्य कारोबारकर्ताओं द्वारा मिलावट करने के अपराध के मामले में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) को उनके टर्न ओवर के आधार पर दण्डित करने एवं अपराध को पुनः कारित होने पर अधिकाधिक अर्थदण्ड से दण्डित करने के निर्देश दिये। उन्होने खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि कोई खाद्य कारोबारकर्ता पहली बार मिलावट करता है तो उस पर जुर्माना लगाया जाये और यदि वह बार-बार अवमानक पदार्थ विक्रय करता है तो खाद्य कारोबारकर्ता के खाद्य कारोबार करने हेतु जारी पंजीकरण/अनुज्ञप्ति निरस्त कर दिया जाये। औषधि निरीक्षक को जनपद में संचालित थोक मेडिकल स्टोर पर फुटकर दवाओं की विक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने, गर्भपात में प्रयोग होने वाली दवायें एवं नारकोटिक्स दवाओं को चिकित्सक के पर्चे के बिना विक्री पर रोक लगाने को कहा। नारकोटिक्स एवं गर्भपात की दवाओं का विक्रय करने वाले औषधि विक्रेताओं को चिकित्सक के पर्चे की एक छायाप्रति अपने रिकार्ड में रखने के निर्देश दिये। स्कूल एवं कालेज के निकट स्थित मेडिकल स्टोरों का विशेष निरीक्षण एवं उनके रिकार्ड चेक करने के निर्देश दिये। जनपद में संचालित सभी थोक एवं फुटकर मेडिकल स्टोरो की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-द्वितीय धीरेन्द्र प्रताप सिंह, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सीपी शर्मा, सीओ सिटी सुबोध गौतम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण व व्यापार संगठन से मो0 अनाम एवं स्वैच्छिक संगठन से पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रान्तिकारी आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।

# ताजनगरी में आने वाले सभी पर्यटकों की होगी कोरोना जांच, स्वास्थ्य विभाग ने बढ़ाई सतर्कता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**आगरा।** कोरोना संक्रमण के मामले फिर से सामने के बाद आगरा में भी स्वास्थ्य विभाग की ओर से सतर्कता बढ़ाई जा रही है। ताजनगरी में आने वाले सभी पर्यटकों की जांच सुनिश्चित की



जाएगी। खेरिया एयरपोर्ट सहित आगरा कैंट और फोर्ट रेलवे स्टेशन पर जांच की सुविधा है। टीम को और सक्रिय किया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि इस समय एसएन मेडिकल और जिला अस्पताल के अलावा शहर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और ग्रामीण क्षेत्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ बाहर चार जगह कोरोना की जांच कराई जा रही हैं। बाहर एयरपोर्ट, दो रेलवे स्टेशनों के अलावा अंतरराज्यीय बस अड्डा (आईएसबीटी) ट्रांसपोर्ट नगर पर जांच की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि कोरोना के संबंध में बृहस्पतिवार तक शासन स्तर से दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए जाएंगे, उनका पालन कराया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी ने लोगों से अपील की है कि वह मास्क पहनना फिर से शुरू कर दें। मास्क और सामाजिक दूरी का पालन करके कोरोना से बचा जा सकता है। हैंड सैनिटाइजेशन का भी विशेष ध्यान रखना होगा। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि इस समय मेडिकल कॉलेज की माइक्रोबायोलॉजी लैब में करीब 1000 जांचें रोजाना हो रही हैं। मरीजों के पॉजिटिव न मिलने पर जांचों की संख्या कुछ कम हो गई थी। जांचों की संख्या बढ़ाई जाएगी। जो मरीज पॉजिटिव मिलेंगे, उनके नमूनों की जीनोम सिक्वेंसिंग कराई जाएगी। जिले में 25 नवंबर 2022 के बाद कोई नया मामला सामने नहीं आया है। इससे पहले एक से 25 नवंबर के बीच कोरोना के कुल 13 मामले सामने आए थे। बता दें कि पहली लहर में प्रदेश में पहला मामला आगरा में ही सामने आया था।

# हीरो-एवन और वैप ग्रुप यूपी में तीन हजार करोड़ रुपये का करेंगे निवेश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** सीएम योगी से मिले उद्यमीसीएम योगी ने कहा कि सरकार 10 से 12 फरवरी तक लखनऊ में एक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर रही है। प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी के लक्ष्य के साथ हमारा प्रयास है कि राज्य में उपलब्ध असीम व्यावसायिक अवसरों से देश और एवन साइकिल के सीएमडी ओमकार सिंह पाहवा, वैप ग्रुप के सीएमडी एवं सीईओ अमित शर्मा, बायलर ग्रुप के टीआर मिश्रा, सूर्यांश ग्रुप के सुनील सिंह पटेल शामिल थे। इस दौरान सीएम ने उद्यमियों के निवेश प्रस्तावों पर खुशी जताते हुए निवेशकों की सुरक्षा और आवश्यकताओं को पूरा करने का आश्वासन दिया। साथ ही इन



दुनिया लाभान्वित हो सके। भारतीय उद्यमियों के एक समूह ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। उद्यमियों ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस)-2023 में सहभागिता के लिए उत्साह भी जताया। मुख्यमंत्री के सामने एवन साइकिल ग्रुप ने 500 करोड़, हीरो ग्रुप ने 350 करोड़, वैप ग्रुप से 2000 करोड़, सूर्यांश ग्रुप ने 100 करोड़ रुपये का यूपी में निवेश करने का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने वालों में हीरो साइकिल के सीएमडी पंकज मुंजाल, प्रस्तावों के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। सीएम योगी ने कहा कि सरकार 10 से 12 फरवरी तक लखनऊ में एक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर रही है। प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी के लक्ष्य के साथ हमारा प्रयास है कि राज्य में उपलब्ध असीम व्यावसायिक अवसरों से देश और दुनिया लाभान्वित हो सके। प्रदेश सरकार राज्य में अनेक औद्योगिक परियोजनाओं पर काम कर रही है।

100% Placement
सीधे प्रवेश
15% Fee Concession
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)
❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
➢ डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
➢ फायर सेफ्टी — सीसीए
➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
➢ इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
➢ सीएनसी प्रोग्रामिगं — बेसिक कम्प्युटर
➢ इलेक्टिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर

Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।


# वनिता समाज,एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा सर्दी से राहत हेतु चिल्काडांड ग्राम में कंबल वितरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** वनिता समाज,एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर द्वारा परियोजना प्रभावित ग्राम चिल्का डांड ग्राम के 15 वार्ड के जरूरतमंद,निर्धन, दिव्या विधवा एवं बुजुर्ग व्यक्तियों को सर्दी से राहत हेतु श्रीमती जयिता गोस्वामी, अध्यक्षा, वनिता समाज, अन्य गणमान्यगण, अधिकारीगण,थानाध्यक्ष,शक्तिनगर,वरिष्ठ सदस्याओं यूनियन के मानद सदस्यों,जनप्रतिनिधियों द्वारा390 कंबलों का वितरण किया गया।इस कंबल वितरण का उद्देश्य सभी जरूरतमंद जनों को ठंड सेराहत दिलाना था। इस अवसर पर श्रीमती जयिता गोस्वामी ने कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली सभी जरूरतमंद जनों कीसहायताहेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कड़कड़ाती ठंड से राहत हेतु सभी जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया गया, ताकिगरीब लोगों कोसर्दी के मौसम से राहत मिल सके।इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली समाज कल्याण हेतु भविष्य में भी सामाजिक कल्याणकारी गतिविधियां जारी रखेगी। इससे पूर्व भी एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा बैगा बस्ती-परसवार राजा, अंबेडकर नगर, शक्तिनगर बस स्टैंड, पीडबल्यूडी मोड, ज्वाला मुखी मंदिर एवं कोटा बस्ती के जरूरतमंद एवं गरीब व्यक्तियों को सर्दी से राहत हेतु रात्रि में कंबल वितरण किया गया था। एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा भविष्य में आस-पास के ग्रामों में कंबल वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर श्रीमती नील कमल भोगल, कल्याण प्रभारी, वनिता समाज,श्री बिजोय कुमार सिकदर, मानव संसाधन विभाग प्रमुख, श्री राजेश कुमार, एएसआई, शक्तिनगर थाना, यूनियन के प्रतिनिधिगण श्री एस के सिंह, श्री ब्रजेश कुमार,अभिषेक विश्वकर्मा,श्री राजीव पटेल,वनिता समाज की वरिष्ठ सदस्याएं,श्री हीरा लाल, ग्राम प्रधान चिल्काडांड,श्री पन्ना लाल, चिल्काडांड,पत्रकार बंधुसहित श्री ओम प्रकाश, वरिष्ठ प्रबन्धक (मानव संसाधन), श्री कुमार आदर्श, कार्यपालक(सीएसआर),सुश्री रिंकी गुप्ता,कार्यपालक(कारपोरेट कम्युनिकेशन) एवं अन्य एनटीपीसी सिंगरौली के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# कांग्रेस नेता अजय राय के खिलाफ मुकदमा हुआ दर्ज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** कल सोनभद्र मे एक कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेता अजय राय ने बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर विवादित बयान देकर फंसे कांग्रेस नेता अजय राय कोतवाली रावर्ट्सगंज में हुआ मुकदमा दर्ज अजय राय के ऊपर 354,509 ,501 के तहत दर्ज किया गया मुकदमा दर्ज पुलिस जांच में जुटी अजय राय ने कहा कि हम माफी क्यो मागे मेरा किसी का अपमान करने का इरादा नहीं है। यह हमारी बोलचाल की भाषा है। जिसका अर्थ है कि कोई अचानक प्रकट होता है, कुछ कहता है और फिर गायब हो जाता है। मैं क्यों माफी मांगूं क्या कहा था अजय राय ने अजय राय ने सोमवार को सोनभद्र में केंद्रीय मंत्री पर व्यक्तिगत और अभद्र टिप्पणी की थी । राय ने कहा था कि, राहुल गांधी, राजीव गांधी इस सीट (अमेठी) पर चुनाव लड़े हैं, स्मृति ईरानी केवल आती हैं और लटके-झटके देकर चली जाती हैं. कांग्रेस कार्यकर्ता चाहते हैं कि राहुल गांधी वहां से 2024 का चुनाव लड़ें।ये विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि राजधानी तक गुज गया।वही सीओ सिटी राहुल पाण्डेय ने बताया कि महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष के तहरीर पर मुकदमा अजय राय पर दर्ज किया गया है ।उधर पुलिस की एक टीम जांच के लिए वाराणसी रवाना कर दी गयी हैं।


!! वन्दे मातरम !!
भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, सोनभद्र
पुष्पा सिंह
जिलाध्यक्ष

# हत्यारो को तुरंत गिरफ्तार करे पुलिसः राकेश शरण

## फिरोजाबाद के वरिष्ठ अधिवक्ता गोली मारकर हत्या कि घटना से अधिवक्ता आक्रोशित एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट जल्द लागू करने की माँग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** फिरोजाबाद जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता शिव शंकर दुबे कल सुबह 8 बजे अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या किये जाने की घटना पर सँयुक्त अधिवक्ता महासंघ के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने रोष व्यक्त करते हुए घटना की घोर निंदा की है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर हत्या में शामिल अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कारवाई करने की मांग की है। श्री मिश्र ने उत्तर प्रदेश सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि आये दिन अधिवक्ताओ की हत्या से अधिवक्ता समाज खौफ में है। उत्तर प्रदेश की पुलिस ब्यवस्था पर आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की पुलिस अधिवक्ता साथियो की सुरक्षा कर पाने में नाकाम साबित हो रही है । बार के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्त साथी शिव शंकर दुबे की दिन दहाड़े हत्या से ना केवल फिरोजाबाद जनपद में बल्कि पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं में अत्यधिक आक्रोश ब्याप्त है। संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री मिश्र ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ को पत्र लिख जल्द से जल्द इस मामले में प्रभावी कारवाई करने एवम एडवोकेट प्रोटक्शन एक्ट उत्तर प्रदेश में लागू करने व अधिवक्ताओ को प्राथमिकता के आधार पर शस्त्र लाईसेंस देने की माँग की है जिससे प्रदेश के अधिवक्ताओ की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा है कि यदि आप द्वारा इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया और शिव शंकर दुबे के हत्यारों को 72 घण्टे के अंदर गिरफ्तार नही किया गया तो सँयुक्त अधिवक्ता महासंघ सहित पूरे प्रदेश के अधिवक्ता प्रदेश ब्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगें जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश सरकार की होगी।





# वाहन के टक्कर से बाइक सवार जीजा की मौत, साला घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** चुनार थाना क्षेत्र के पिरल्लीपुर गांव के पास बुधवार की शाम मिक्सर वाहन के टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा रिश्तेदार घायल हो गया। अदलहाट थाना क्षेत्र के दर्रा गांव निवासी रामलाल (40) पुत्र कल्लू यादव अपने साले पप्पू यादव (38) पुत्र रघुवर निवासी गौरही थाना अदलहाट के साथ लालगंज से तेरही में शामिल होकर घर लौट रहे थे। सीमेंट फैक्ट्री मोड़ के पास शाम लगभग साढ़े छह बजे पीछे से आ रहे मिक्सर वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। इस हादसे में बाइक सवार जीजा-साला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौका देख चालक वाहन लेकर फरार हो गया। उधर, राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चचेरी मोड़ ले गयी। जहां चिकित्सक ने रामलाल को मृत घोषित कर दिया, जबकि पप्पू यादव को हल्की चोट आने के कारण इलाज कर घर जाने के लिए छोड़ दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रामलाल मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। मौत की खबर लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। देर शाम पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे परिजनों का आरोप था कि राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण में लगी निर्माण कंपनी के मिक्सर वाहन से हादसा हुआ है। रामलाल तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे और उनसे तीन पुत्र पुत्रियां श्लोक, नेहा, चुन्नू, हैं। कोतवाल त्रिवेणी लाल सेन ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों से तहरीर मिलने के बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।




# फ्रंट लाइन वर्कर मास्क लगाकर करेंगे काम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** चीन में कोविड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए प्रदेश में फिर से अलर्ट जारी कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जिले में भी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने कोविड को लेकर सतर्कता बरतने का निर्देश जारी किया है। अस्पताल में कार्य कर रहे सभी फ्रंट लाइन वर्करों को मास्क लगाकर कार्य करना अनिवार्य कर दिया गया है। जिले में अब तक 12371 कोविड संक्रमित मिले हैं। इसमें से 12241 स्वस्थ्य हो चुके हैं और 130 लोगों की कोविड से जान जा चुकी है। कोविड की दूसरे लहर में स्थिति सबसे अधिक खराब थी। इस दौरान हर कोई मास्क लगाए नजर आता था। अब चीन में फिर से कोविड बढ़ने लगा है। जिसके बाद उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने स्वास्थ्य और शिक्षा चिकित्सा विभाग को जांच से लेकर उपचार तक की व्यवस्था शुरू करने का निर्देश दिया है। साथ ही एयरपोर्ट पर चौकसी बढ़ाने और संक्रमण प्रभावित देशों की यात्रा से लौटे लोगों की जांच कराने का भी निर्देश दिया है।एसीएमओ डॉ. वीके भारती ने बताया कि अभी तक कोई गाइडलाइन नहीं आया है। चीन में कोविड मरीजों के मिलने की सूचना है। जिले में कोविड का प्रकोप नहीं है। शासन की गाइडलाइन आने पर उसका पालन कराया जाएगा। मां विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) के प्राचार्य डॉ. आरबी कमल ने बताया कि अलर्ट को देखते हुए अस्पताल में कार्य करने वाले फ्रंट लाइन वर्करों को मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अलावा जो गाइडलाइन आएगी, उसका पालन कराया जाएगा। बाहर से आने वालों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।




# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के फोरलेन सड़क पर पतुलकी गांव के सामने बुधवार को शाम को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों व ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गई। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने युवक के परिजनों को सूचना दी। विंध्याचल थाना क्षेत्र के बसही गांव निवासी जोगिंदर सिंह (25) पुत्र छन्नू सोनकर बाइक से अपने रिश्तेदार के घर कोटा घाट गए थे। वे बुधवार की शाम बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में लालगंज थाना क्षेत्र के पतुलकी गांव के सामने फोरलेन सड़क पर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। इस हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वाहन चालक मौका पाकर फरार हो गया। राहगीरों ने हादसे की सूचना थानाध्यक्ष लालगंज को दी सूचना पर थानाध्यक्ष ज्ञानू प्रिया पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गईं। जहां चिकित्सक ने जोगिंदर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने युवक के पास मिले मोबाइल फोन के जरिए परिजनों को सूचना दी। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों को सूचना देकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष ज्ञानू प्रिया ने बताया कि हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई है। हादसा के बाद फरार वाहन चालक की तलाश कराई जा रही है।



# कोहरे के कारण रोडवेज की 14 बसों का संचालन बंद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** कोहरे को देखते हुए रोडवेज की बसों के संचालन के संबंध में गाइड लाइन जारी की गई है। कोहरे के कारण रोडवेज की 14 बसों का संचालन भी फिलहाल बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही कोहरे को देखते हुए रात आठ बजे के बाद मिर्जापुर रोडवेज से किसी बस का संचालन नहीं होगा। दूसरे डिपो की बसें मिर्जापुर रोडवेज परिसर में आने पर कोहरा रहने पर उन बसों को आगे नहीं भेजा जाएगा। रात आठ बजे के बाद बसों का संचालन तभी हो सकेगा, जब कोहरा नहीं होगा और मौसम एकदम साफ रहेगा। कोहरे के चलते हाईवे व अन्य स्थानों पर हो रहे हादसे को देखते हुए शासनस्तर से रात के समय रोडवेज बसों का संचालन बंद करने का निर्देश दिया गया है। इसे देखते हुए मिर्जापुर डिपो की बसों के संचालन के लिए गाइड लाइन तय कर दी गई है। रोडवेज के एआरएम हरिशंकर पांडेय ने बताया कि परिसर में यात्रियों की सुविधा के लिए रैन बसेरा और अलाव की व्यवस्था की गई है। कोहरे को देखते हुए रात के समय बसों का संचालन न करने का आदेश आया है। उन्होंने बताया कि रात आठ बजे के बाद मिर्जापुर रोडवेज डिपो से बसों का संचालन नहीं होगा। मौसम की पड़ताल करने के बाद अगर सब सही रहने पर ही बस को रवाना किया जा सकेगा। कोहरा रहने पर मिर्जापुर डिपो की तो कोई बस आगे नहीं जाएगी, साथ ही दूसरे डिपो की बस मिर्जापुर में रात आठ बजे के बाद आएगी तो वो भी आगे नहीं जाएगी। उस बस के यात्रियों को रैन बसेरा में ठहरने की व्यवस्था कराई जाएगी। यहां अलाव आदि की व्यवस्था रहेगी। सुबह उस बस के यात्रियों को आगे के लिए रवाना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोहरा रहने तक यह आदेश प्रभावी रहेगा। इससे यात्री सुरक्षित रहेंगे। रात आठ बजे के बाद मिर्जापुर डिपो की छह और अन्य डिपो की आठ बसें प्रभावित होंगी। जो सोनभद्र और प्रयागराज रूट पर आवागमन करती हैं।




# किसान दिवस में उठाया नहरों की सफाई का मुद्दा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** पथरहिया स्थित आडिटोरियम में बुधवार को आयोजित किसान दिवस में किसानों ने नहरों की साफ-सफाई और पानी छोड़े जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। किसानों ने केंद्रों में धान खरीद में मनमानी किए जाने का आरोप भी लगाया। किसानों की समस्याओं सुनने के बाद जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने संबंधित अधिकारियों को अविलंब समाधान कराने का निर्देश दिया। किसानों का कहना था कि सखौरा पंप नहर में सिल्ट सफाई के लिए एक सप्ताह पहले से ही पानी का संचालन बंद कर दिया गया है। संबंधित विभाग की ओर से न तो नहर से सिल्ट की सफाई की जा रही है और न ही नहर में पानी छोड़ा जा रहा है। पानी के अभाव में फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। किसानों का आरोप था कि अधिकांश नहरों में सफाई के बाद उसका मलबा नहर के बीच में ही छोड़ दिया गया है। इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग नहर प्रखंड के अधिकारियों को तत्काल मलबा हटाने का निर्देश दिया जिलाधिकारी ने अधिकारियों को नहरों का निरीक्षण कर रोस्टर के अनुसार नहरों में पानी छोड़ने का निर्देश दिया। एक किसान ने विद्युत वितरण खंड चुनार पर आरोप लगाया कि बगहिया पुरवा में विद्युतीकरण के लिए खंभा तो लगा दिया गया है, लेकिन अभी तक तार व ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है। डीएम ने संबंधित अधिशासी अभियंता को जांच कर जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया। किसानों ने धान खरीद केंद्र पचोखरा राजगढ़ प्रथम व द्वितीय में टोकन के अनुसार धान की खरीद नहीं किए जाने का आरोप लगाया। किसानों ने केंद्र प्रभारी पर मनमाने ढंग से धान खरीद का आरोप लगाया। जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को आरोपों की जांच कर जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया। साथ ही टोकन के हिसाब से किसानों के धान की खरीद कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने यह निर्देश भी दिया कि आरोप सही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने कहा कि 28 फरवरी 2023 तक धान की खरीद होनी है। सभी किसानों से धान खरीद व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।



# नींद व भूख में गड़बड़ी है मानसिक बीमारी का कारण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मानसिक रोग के बारे में जानकारी व उपचार के साथ ही मानसिक दिव्यंगता प्रमाण पत्र के लिए 12 बच्चों का बुद्धि परीक्षण किया गया। में जानकारी दी। मनोचिकित्सक डॉ. पूजा सिंह ने लोगों को विभिन्न मानसिक रोगों के लक्षणों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मानसिक रोग किसी को भी और किसी भी उम्र में हो सकता है। लोग भ्रमवश मानसिक रोग को अभिशाप या भूतप्रेत की बाधा समझते हैं, जो गलत है उन्होंने बताया कि किसी भी मानसिक न किसी कारण से ज्यादा चिंतित रहते हैं। बहुत से बच्चों में भी मानसिक समस्याएं पाई जाती हैं। जिस वजह से वो पढ़ाई में कमजोर हो जाते हैं। ऐसे बच्चों का बुद्धि परीक्षण करके उनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी बनाया जाता है। डॉ. उमेश श्रीवास्तव ने लोगों को रक्तचाप और मधुमेह से बचने के तरीके के बारे में जानकारी दी।



साथ ही मधुमेह, रक्तचाप, गैर संचारी रोगों से प्रभावित लोगों की जांच की गई। शिविर में 150 लोग आए। इनमें से 65 का उपचार किया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. महेंद्र चौधरी ने बदलते मौसम में स्वास्थ्य की देखभाल के साथ ही मौसमी बुखार, मलेरिया, डेंगू से बचाव के संबंध बीमारी का प्रारंभ व्यक्ति के नींद और भूख में गड़बड़ी के कारण होता है। मनोवैज्ञानिक डॉ. राहुल सिंह ने कहा कि आज के समय में लोगों की जिंदगी बहुत भागदौड़ भरी हो गई है। दिनचर्या अनियमित हो गई है। यह मानसिक रोग को बढ़ावा देता है। नौकरी करने वाले हों या पढ़ाई करने वाले बच्चे, सभी किसी नियमित व्यायाम एवं खान पान के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। डॉ. राजेश यादव ने लोगों को तंबाकू के सेवन के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर अभिषेक सोनकर, अखिलेश दुबे, श्वेता वर्मा, मनीष कुमार उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# बल्लेबाजों के लिए खौफ बने अफरीदी जल्द ही अक्सा के सामने होंगे क्लीन बोल्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी जल्दी ही निकाह करने वाले हैं। वह 3 निकाह करेंगे। यह समारोह कराची में होगा, जबकि रिसेप्शन की तारीख अभी तय नहीं है। दोनों की शादी 2 साल पहले ही तय हो गई थी। हिस्सा लेंगे। वह पीएसएल में लाहौर कलंदर टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल के दौरान लगी चोट के कारण



फरवरी को शाहिद अफरीदी के दामाद बनेंगे। शाहीन शाह का निकाह पूर्व स्टार क्रिकेटर की बेटी अक्सा अफरीदी से होगा। अक्सा अफरीदी की सबसे बड़ी बेटी हैं। बेहद खूबसूरत अक्सा अक्सर क्रिकेट स्टेडियम में भी दिखाई देती रहती हैं शाहिद अफरीदी ने एक्सप्रेस न्यूज से बात करते हुए कहा, उनकी बेटी अक्सा और 22 वर्षीय तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी अब वह मुबारक घड़ी आ गई।ङ्गगौरतलब हो कि पाकिस्तान टीम से केवल शाहीन ही शादी ने करने वाले हैं, बल्कि इसी साल दिसंबर महीने में पाकिस्तान क्रिकेट टीम हारिस रऊफ की भी शादी की तारीख तय हो चुकी है। 26 दिसंबर को अपनी क्लासमेट के साथ इस्लामाबाद में शादी कर सकते हैं। निकाह के बाद शाहीन पाकिस्तान सुपर लीग के आगामी सीजन में शाहीन अफरीदी इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं थे। 2018 में किया था डेब्यू बता दें कि शाहीन अफरीदी पाकिस्तान गेंदबाजी आक्रामण के अगुआ हैं। उन्होंने 2018 में वनडे क्रिकेट से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। 2018 में दिसंबर से ही टेस्ट करियर की भी शुरुआत हुई थी। टी20 विश्व कप में शाहीन शाह अफरीदी अपनी छाप छोड़ चुके हैं।

# आइपीएल नीलामी 2023 में 5 खिलाड़ियों को खरीदने उतरेगी दिल्ली कैपिटल्स, इतने बचे हैं पैसे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के लिए मिनी नीलामी का आयोजन 23 दिसंबर को कोच्चि में किया जाएगा। इस नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स टीम भी हिस्सा लेगी और पांच खिलाड़ियों के लिए खाली जगह को भरने के लिए बोली लगाएगी। दिल्ली कैपिटल्स टीम ने आइपीएल सीजन 2023 के लिए पांच खिलाड़ियों को रिलीज किया था, जबकि 20 खिलाड़ियों को रिटेन किया था। दिल्ली की टीम के पास अब 19 करोड़ 45 लाख रुपये बचे हैं और उसे पांच खिलाड़ियों को खरीदना है। इस टीम ने अगले सीजन के लिए जिन खिलाड़ियों को रिलीज किया था, उसमें भारतीय आलराउंडर शार्दुल ठाकुर (10.75 करोड़), केएस भरत (2 करोड़), मनदीप सिंह (1.1 करोड़), टिम साइफर्ट (50 लाख) और अश्विन हेब्बार (20 लाख) शामिल हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने 20 खिलाड़ियों को किया रिटेन दिल्ली कैपिटल्स ने अगले आइपीएल सीजन के लिए जिन 20 खिलाड़ियों को रिटेन किया था उसमें मुख्य तौर पर रिषभ पंत (16 करोड़), पृथ्वी शा (7.5 करोड़),



डेविड वार्नर (6.25 करोड़), अक्षर पटेल (9 करोड़) मिचेल मार्श (6.5 करोड़), एनरिच नार्जे (6.5 करोड़), चेतन सकारिया (4.2 करोड़) खलील अहमद (5.25 करोड़), मुस्ताफिजुर रहमान (2 करोड़) और कुलदीप यादव (2 करोड़) जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।दिल्ली कैपिटल्स ने अब तक खिलाड़ियों को खरीदने पर कुल 75.55 करोड़ रुपये खर्च किए हैं और अब उसके पास 19.45 करोड़ रुपये की राशि शेष बची है। दिल्ली की टीम में इस वक्त 20 खिलाड़ी हैं और उसे पांच खिलाड़ियों को और खरीदना है जिसके लिए वो 19.45 करोड़ रुपये खर्च कर सकते हैं। इन पांच खिलाड़ियों में से दो खिलाड़ी विदेशी होंगे। आइपीएल के नियम के मुताबिक किसी एक टीम में खिलाड़ियों की संख्या 25 से ज्यादा नहीं हो सकती है। रिषभ पंत, पृथ्वी शा, डेविड वार्नर, अक्षर पटेल, रिपल पटेल, रोवमैन पावेल, सरफराज खान, यश ढुल, मिचेल मार्श, ललित यादव, एनरिच नार्जे, चेतन सकारिया, कमलेश नागरकोटी, खलील अहमद, लुंगी नगीडी, मुस्ताफिजुर रहमान, अमन खान, कुलदीप यादव, प्रवीण दूबे, विक्की ओस्तवाल।

# इशांत शर्मा समेत दिल्ली के 16 खिलाड़ियों की आईपीएल नीलामी में लगेगी बोला


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के लिए मिनी नीलामी का आयोजन शुक्रवार को कोच्चि में किया जाएगा। आईपीएल में खेल रही 10 टीमें इस नीलामी में 405 और पवन नेगी ने ही भारत के लिए खेला है, जबकि अन्य 14 खिलाड़ी अनकैप्ड हैं। बतौर कैप्ड खिलाड़ी इशांत शर्मा ने अपना बेस प्राइस 50 लाख रूपये रखा है, जबकि पवन नेगी का भी आधार मूल्य इतना



खिलाड़ियों पर बोली लगाएंगी। इस नीलामी के लिए जिन 405 खिलाड़ियों को शार्ट लिस्ट किया गया था। उसमें दिल्ली के 16 खिलाड़ी शामिल हैं। आईपीएल 2023 के लिए हो रहे इस मिनी नीलामी में दिल्ली के जो 16 खिलाड़ी शामिल हैं। उसमें भारतीय तेज गेंदबाज इशांत शर्मा और ऑलराउंडर पवन नेगी के नाम भी है। इन खिलाड़ियों में सिर्फ इशांत ही है।टीम इंडिया से बाहर चल रहे इशांत शर्मा पर इस नीलामी में सबकी नजरें टिकी रहेंगी। देखना होगा कि कोई टीम उन्हें खरीदने में दिलचस्पी दिखाती है या नहीं। इस भारतीय तेज गेंदबाज को आईपीएल 2022 के लिए हुई मेगा नीलामी में किसी भी टीम ने नहीं खरीदा था। ऑलराउंडर पवन नेगी ने भी अपना आखिरी आईपीएल साल 2019 में खेला था और इसके बाद से वो इस लीग का हिस्सा नहीं हैं।

# खिलाड़ियों की होगी नीलामी, जानें कब और कहां होगा आईपीएल ऑक्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 के लिए कल यानी शुक्रवार को खिलाड़ियों की नीलामी होगी। इस उपलब्ध हैं। इनमें से 30 विदेश खिलाड़ियों का स्लॉट है। इस बार के मिनी ऑक्शन में भारतीय खिलाड़ी अजिंक्य रहाणे, इशांत



405 खिलाड़ियों पर 10 फ्रेंचाइजी बोली लगाएंगी। बीसीसीआई ने जिन 405 खिलाड़ियों की सूची जारी की है। उनमें 273 भारतीय खिलाड़ी और 132 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। कुल कैप्ड खिलाड़ी 119 हैं, अनकैप्ड खिलाड़ियों की संख्या 282 है। 23 दिसंबर को मिनी ऑक्शन एक दिन का होगा। 10 टीमों के पास अधिकतम 87 स्लॉट शर्मा और मनीष पांडे चाहेंगे की उन्हें कोई टीम खरीद ले। बात करें किस टीम के पास इस मिनी आईपीएल के लिए सबसे ज्यादा पैसे बचे हैं तो उनमें सनराइजर्स हैदराबाद सबसे आगे है। हैदराबाद के पास कुल 42.25 करोड़ रुपये हैं। वहीं, सबसे कम पैसे कोलकाता नाइट राइडर्स के पास बचे हैं।

# धौनी ही नहीं ईशान किशन का आइडियल बल्लेबाज है यह पूर्व क्रिकेटर, स्टार खिलाड़ी ने किया खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत के ओपनर बल्लेबाज ईशान किशन ने जबसे सबसे तेज वनडे क्रिकेट में दोहरा ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज को मानते हैं अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट में ऐतिहासिक दोहरा शतक बनाने वाले ईशान किशन दुनिया के छठे और बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है।वन क्रिकेट से बात करते हुए ईशान किशन ने कहा,एमएस धौनी निश्चित रूप से मेरे आदर्श हैं,



शतक मारा है। तब से हर जगह उन्हीं की चर्चा हो रही है। वहीं, उनके क्रिकेट करियर में धौनी के रोल को लेकर भी सवाल पूछे जा रहे हैं। ईशान किशन ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। ईशान किशन धौनी को अपना पंसदीदा खिलाड़ी तो मानते ही पर अपनी बल्लेबाजी का आइडियल पूर्व भारत के चौथे बल्लेबाजा हैं। अबतक वनडे इतिहास में भारत की तरफ से सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग और रोहित शर्मा दोहरा शतक लगा चुके हैं। ईशान की बल्लेबाजी की आक्रामक शैली की तुलना अक्सर दिग्गज क्रिकेटर एमएस धौनी से की जाती रही है। वीरेंद्र सहवाग से मिलती है बैटिंग स्टाइल ईशान किशन ने अक्सर धौनी को अपने करियर में एक बड़ी भूमिका निभाने का श्रेय दिया है, लेकिन जब ईशान ने अपनी बल्लेबाजी स्टाइल के लिए धौनी से पहले किसी खिलाड़ी को अपना आदर्श बताया। वहीं, ईशान की बल्लेबाजी शैली भारत के पूर्व बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग से मिलती-जुलत है। दोनों को आक्रामक लेकिन मैं एडम गिलक्रिस्ट की बल्लेबाजी और उनकी क्रिकेटिंग क्षमता को पंसद करता हूं। धौनी भाई को मैंने मैदान पर, मैदान के बाहर शांत रहते हुए देखा है। जिस तरह से वह लोगों से मिलते हैं। इसलिए ये चीजें भी मायने रखती है। वीरेंद्र सहवाग की तरह आक्रामक बल्लेबाजी करने के सवाल पर कहा, शायद मैं इस तरह से बल्लेबाजी करता हूं क्योंकि मैंने उनके बहुत सारे हाइलाइट्स देखे हैं, जैसे कि उन्होंने सभी गेंदबाजों की धुनाई की, जैसे ब्रेट ली, शोएब अख्तर। जो भी हो, उन्होंने मैदान के चारों ओर सभी की धुनाई की। मैं अटैकिंग मोड में खेलना चाहता हूं। गौरतलब हो कि ईशान और सहवाग में समानताएं मिलती हैं।

# सहवाग ने मेसी को लेकर शेयर किया मजेदार मीम, लिखा- अगर भारत में जन्मे होते अर्जेंटीना के कप्तान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना द्वारा इतिहास रचने और कतर में अपना तीसरा विश्व कप खिताब हासिल करने के एक दिन बाद सहवाग ने इंस्टाग्राम पर अर्जेंटीना के दिग्गज मेसी के बारे में एक मजाकिया पोस्ट साझा किया। भारत के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग को उनके अनोखे सेंस ऑफ ह्यूमर के लिए जाना जाता है। सहवाग ने रविवार को फीफा विश्व कप 2022 के फाइनल में लियोनेल मेसी की अगुआई वाली अर्जेंटीना की टीम द्वारा फ्रांस को हराने देने के बाद एक शानदार ट्वीट किया था। साथ ही अर्जेंटीना को बधाई भी दी थी। इसके एक दिन बाद उन्होंने इंस्टाग्राम पर मेसी से जुड़ा एक एक मजेदार मीम भी शेयर किया है।। मेसी ने 36 साल के विश्व कप के सूखे को खत्म करते हुए अर्जेंटीना को वर्ल्ड कप ट्रॉफी दिलाई। वह अर्जेंटीना की जीत के हीरो रहे। इस अभियान में मेसी ने सात गोल दागे और लगभग हर मैच में अपनी टीम को जीत दिलाई। अपना पांचवां विश्व कप खेल रहे मेसी ने इस टूर्नामेंट में अर्जेंटीना टीम की कप्तानी की और फाइनल में डिफेंडिंग चैंपियंस फ्रांस को कतर के लुसैल स्टेडियम में पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया।अर्जेंटीना द्वारा इतिहास रचने और कतर में अपना तीसरा



विश्व कप खिताब हासिल करने के एक दिन बाद सहवाग ने इंस्टाग्राम पर अर्जेंटीना के दिग्गज मेसी के बारे में एक मजाकिया पोस्ट साझा किया। सोशल मीडिया पर लोगों को हंसाने के लिए प्रसिद्ध, सहवाग ने बताया कि अगर मेसी भारत में पैदा होते तो कैसे उन्हें उनके शानदार विश्व कप अभियान के लिए पुरस्कृत किया गया होता। यह पोस्ट कुछ ही देर में उनके प्रशंसकों और फॉलोअर्स के बीच वायरल हो गई। वायरल पोस्ट को अनुभवी भारतीय ओपनर शिखर धवन ने भी लाइक किया। इससे पहले सहवाग ने फीफा विश्व कप 2022 के फाइनल में मेसी और एम्बाप्पे के शानदार प्रदर्शन की सराहना की थी। उन्होंने लिखा था- अब तक के सबसे शानदार विश्व कप मैचों में से एक। एम्बाप्पे फ्रांस के लिए उत्कृष्ट थे, लेकिन यह लियोनेल मेसी के लिए सबसे महत्वपूर्ण क्षण था। फीफा वर्ल्ड कप चैंपियन बनने पर अर्जेंटीना को बधाई। मेसी ने रविवार को हुए फीफा वर्ल्ड कप फाइनल में डिफेंडिंग चैंपियंस फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हरा दिया था। इससे पहले फुल टाइम में स्कोर 2-2 की बराबरी और एक्स्ट्रा टाइम में स्कोर 3-3 की बराबरी पर रहा था। मेसी ने फाइनल में अब तक का अपना बेस्ट परफॉर्मेंस दिया। उन्होंने दो गोल दागे। इस विश्व कप में मेसी ने कुल मिलाकर सात गोल दागे। इससे उनके विश्व कप में किए कुल गोल्स की संख्या 13 पहुंच गई। साथ ही वह अर्जेंटीना के लिए विश्व कप में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी भी बन गए। फाइनल में मैदान पर उतरते ही मेसी ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया था। वह विश्व कप में सबसे ज्यादा मैच (26) खेलने वाले खिलाड़ी भी बन गए। यह मेसी का पांचवां विश्व कप था।

# बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले भारत को लगा झटका, दो खिलाड़ी टीम से बाहर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट से भी मेडिकल टीम का मानना है कि चोट को पूरी तरह से ठीक होने के लिए कुछ और समय चाहिए।मेडिकल टीम का मानना कि भारत दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने के लिए बांग्लादेश के दौरे पर है। इंडिया टीम ने चटगांव में खेले गए पहले टेस्ट



बाहर हो गए हैं। इनके साथ तेज गेंदबाज नवदीप सैनी भी टीम से बाहर हो गए। बीसीसीआई ने ट्वीट कर इसकी पुष्टि की है। रोहित अंगूठे में चोट के चलते पहला टेस्ट मैच नहीं खेल पाए थे बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक बयान जारी कर कहा, रोहित शर्मा अपने बाएं अंगूठे की चोट के बाद बीसीसीआई मेडिकल टीम की देखरेख में हैं। रोहित शर्मा को यह चोट ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान लगी थी। है कि भारतीय कप्तान को पूरी तरह ठीक होने में और समय लग सकता है। इसके चलते वह अपना रिहैबिलिटेशन जारी रखेंगे और बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। वहीं, नवदीप सैनी भी पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। तेज गेंदबाज अब अपनी चोट को लेकर प्रबंधन के साथ एनसीए को रिपोर्ट करेंगे। नवदीप को पहले टेस्ट मैच की प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली थी। बता दें मैच में बांग्लादेश को 188 रन से हराया। साथ ही सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। दूसरे टेस्ट मैच 22 दिसंबर से खेला जाएगा।केएल राहुल (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा (उप कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव शार्दुल ठाकुर, मो. सिराज, उमेश यादव, अभिमन्यु ईश्वरन, सौरभ कुमार, जयदेव उनादकट।

# किसकी चमकेगी किस्मत और कौन रह जाएगा अनसोल्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बीसीसीआइ, आइपीएल 2023 को बड़ा बनाने के लिए कोई भी कमी नहीं रखना चाहती है। इसकी शुरुआत शुक्रवार 23 दिसंबर से हो जाएगी, जब कोच्चि में मिनी ऑक्शन का आयोजन होगा। इस ऑक्शन में 405 खिलाड़ियों के नाम की बोली



लगेगी। इसमें से 273 भारतीय और 132 ओवरसीज खिलाड़ी होंगे। दोपहर 2.30 बजे से यह मिनी ऑक्शन शुरू हो जाएगा। यदि आप इसका लाइव प्रसारण देखना चाहते हैं तो स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर इसे देख सकते हैं, जबकि इसकी लाइव स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा एप पर देखी जा सकती है।हर टीम के पास ज्यादा से ज्यादा 25 और कम से कम 18 खिलाड़ियों का स्क्वॉड होना चाहिए, जिसमें से 8 खिलाड़ी ओवरसीज होने चाहिए।



# राशिफल



**मेष-**:तली-भुनी चीजों से दूर रहें और नियमित व्यायाम करते रहें. घरेलू सुख-सुविधा की चीज़ों पर ज़रूरत से ज़्यादा खर्च़ न करें। पिता का तल्ख बर्ताव आपको नाराज़ कर सकता है।

**वृष-**:जीवन की सभी कठिन परिस्थितियों में आपको अपने माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा. जो लोग प्रेम के मोर्चे पर मायूस महसूस कर रहे हैं।

**मिथुन-**:क्षणिक क्रोध विवाद और दुर्भावना का कारण बन सकता है. मनोरंजन और सौन्दर्य वृद्धि पर आवश्यकता से अधिक समय व्यतीत न करें।

**कर्क-**:आज सभी ग्रह और सितारे आपके पक्ष में हैं, आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी. आज के दिन यात्रा की योजना बन सकती है।

**सिंह-**:आपकी इच्छा शक्ति को प्रोत्साहन मिलेगा, क्योंकि आप बहुत उलझी हुई परिस्थितियों से निकलने में क़ामयाब रहेंगे. भावनात्मक फैसले लेते समय अपनी तार्किकता को न छोड़ें।

**कन्या-**:प्रेम के मामले में सफलता मिलेगी. नए कार्यों की शुरुआत करना शुभ रहेगा। आज अपने प्रिय के साथ अपनी व्यक्तिगत भावनाओं और गोपनीय मामलों को साझा करने का सही समय है।

**तुला-**: जो लोग आपके पास कर्ज के लिए आते हैं, बेहतर होगा आप उन्हें नजरंदाज करें. पारिवारिक मोर्चे पर चीज़ें अच्छी रहेंगी और आप अपनी योजनाओं को पूरा समर्थन मिलने की उम्मीद कर सकते हैं।


**वृश्चिक-**:छात्रों के लिए दिन अनुकूल है क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य स्थगित करना आपके हित में रहेगा।

**धनु-**:इससे पहले कि नकारात्मक विचार मानसिक रोग का रूप लें, आपको उन्हें समाप्त कर देना चाहिए. आप किसी परोपकारी कार्य में हिस्सा लेकर ऐसा कर सकते हैं।

**मकर-**:लंबे समय से चली आ रही दिक्कतों से आज आपको छुटकारा मिल सकता है. आगे बढ़ने के बजाय अपने सभी आगामी कार्यों को पूरा करना ही समझदारी होगी।

**कुंभ-**:भावनात्मक रूप से बहुत अच्छा दिन नहीं रहेगा. आर्थिक समस्याओं के कारण आपको आलोचना और वाद-विवाद का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन-**:आज आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, जिसका असर आपके आसपास के लोगों पर भी पड़ेगा. खुद के काम से समय निकालकर परिवार के साथ अधिक समय बिताना संभव नहीं होगा।





## सम्पादकीय

# पाकिस्तान को आईना दिखाना आवश्यक

पाकिस्तान के तमाम नेता भारतीय नेताओं के लिए समय-समय पर तल्ख शब्द इस्तेमाल करते आए हैं। हालांकि मुझे याद नहीं आता कि किसी पाकिस्तानी राजनीतिक शख्सीयत ने इस मामले में भाषाई मर्यादा की सीमा को उस हद तक लांघा हो, जितना पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने हाल में लांघा। न्यूयार्क में 15 दिसंबर को बिलावल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अशोभनीय टिप्पणियां कीं। उनकी टिप्पणियां व्यापक रूप से प्रसारित हो चुकी हैं तो यहां पुनः उनके उल्लेख की आवश्यकता नहीं, लेकिन किसी भारतीय को वे बातें न भुलानी चाहिए और न ही उनके लिए उन्हें माफ करना चाहिए। बिलावल 34 साल के हैं, लेकिन उनकी कम उम्र कोई बहाना नहीं हो सकती, क्योंकि वह पाकिस्तान सरकार में एक अहम दायित्व संभाले हुए हैं। उन्हें यह मालूम होना चाहिए कि शत्रु देशों के बीच भी एक अलिखित सामान्य शिष्टाचार की परंपरा होती है, लेकिन स्पष्ट है कि वह इससे अनभिज्ञ हैं। इसकी थाह लेना महत्वपूर्ण है कि बीते कुछ दिनों में ऐसा क्या हुआ, जिसका परिणाम बिलावल की अस्वीकार्य बयानबाजी के रूप में निकला। भारत दो वर्षों से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद यानी यूएनएससी का अध्यक्ष है और एक गैर-स्थायी सदस्य देश के रूप में उसकी अध्यक्षता इसी माह समाप्त हो रही है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर इस अवसर पर परिषद की उन विषयों पर प्रस्तावित दो बैठकों की अध्यक्षता करने न्यूयार्क गए, जिन विषयों को भारत यूएनएससी की सदस्यता के दौरान मुखरता से उठाता आया है। यूएनएससी की ऐसी पहली बैठक 14 दिसंबर को प्रस्तावित थी, जिसका विषय बहुपक्षीयता से जुड़े सुधारों पर था। दूसरी बैठक आतंक के विरुद्ध कवायद पर संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ब्रीफिंग और उसके बाद चर्चा पर केंद्रित थी। पहली बैठक यूएनएससी के गैर-सदस्यों के लिए भी खुली थी। दूसरी बैठक केवल यूएनएससी के वर्तमान सदस्यों के लिए ही थी। स्वाभाविक है कि पाकिस्तान ने यह अनुमान लगा लिया होगा कि भारत आतंक के खतरे के प्रति ध्यानाकर्षण के साथ ही परोक्ष रूप से पाकिस्तान में सक्रिय आतंकी संगठनों और भारत सहित पूरे क्षेत्र में उनकी गतिविधियों का उल्लेख करेगा। पाकिस्तानी राजनयिक इससे भी अवगत होंगे कि भारत ने पिछले कुछ महीनों के दौरान यह सुनिश्चित किया है कि दुनिया आतंक के खतरे को विस्मृत न करे। इस दिशा में भारत ने अक्टूबर में संयुक्त राष्ट्र आतंक विरोधी समिति की विशेष बैठक आयोजित की, जिसमें दिल्ली घोषणापत्र को अपनाया गया। पिछले महीने भी भारत ने 'नो मनी फार टेररिज्म' जैसी बहुपक्षीय बैठक का आयोजन किया। पाकिस्तान यह भी जानता था कि भारत 2008 के मुंबई आतंकी हमले का मुद्दा उठाएगा, क्योंकि उसने आयोजन में उन बहादुर नर्स अंजली कुलथे का कार्यक्रम भी रखा था, जिन्होंने हमले के दौरान 20 गर्भवती महिलाओं की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई थी। स्वयं पर भारत के ऐसे हमले की काट के लिए पाकिस्तान में आंतरिक मामलों के मंत्री राणा सनाउल्ला ने लाहौर में 13 दिसंबर को एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की। उसमें सनाउल्ला ने आरोप लगाया कि जांच-पड़ताल से उन्हें साक्ष्य मिले हैं कि लश्कर के मुखिया हाफिज सईद के लाहौर स्थित आवास के निकट जून 2021 में हुए आतंकी हमले के पीछे भारतीय खुफिया एजेंसियों का हाथ था, जिसमें तीन लोगों की मौत हुई थी। अगले दिन विदेश राज्य मंत्री हिना रब्बानी खार ने सनाउल्ला के आरोपों को दोहराया। उन्होंने कहा कि इस हमले में भारतीय संलिप्तता संबंधी डोजियर इस्लामाबाद में विदेशी दूतावासों के साथ साझा भी किया गया है। खार ने यहां तक कहा कि भारत खुद को आतंक विरोधी अभियान के अगुआ के रूप में पेश करता है, लेकिन आतंक के मुद्दे का शायद ही किसी देश ने अपने लिए इतना लाभ उठाया हो जितना भारत ने। दरअसल, पाकिस्तान ऐसी बयानबाजी करके दुनिया का ध्यान उस पहलू से भटकाने में लगा है, जिससे पूरा विश्व परिचित है कि पाकिस्तान ही दुनिया में आतंक का केंद्रबिंदु है। यूएनएससी की 14 दिसंबर को हुई बैठक में बिलावल ने कश्मीर को लेकर पाकिस्तान का वही पुराना बेसुरा राग छेड़ा। जयशंकर ने उस मंच पर पाकिस्तान को बेनकाब कर दिया कि ओसामा बिन लादेन को शरण देने वाले और पड़ोसी देश की संसद पर हमला करने वाले मुल्क को दूसरों को उपदेश देने का कोई अधिकार नहीं।

# राज्यपाल महोदया ने उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के 17वें दीक्षान्त समारोह का दीप प्रज्ज्वलन कर किया शुभारम्भ

उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय का 17वां दीक्षान्त समारोह सरस्वती परिसर स्थित अटल प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति माननीया श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने की। दीक्षान्त समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने दीक्षान्त भाषण देते हुए कहा कि भारत के नेतृत्व को विश्व स्वीकार कर रहा है। विश्वविद्यालय ऐसे छात्रों को तैयार करे जो भारतीय विशेषता को जी-20 में सहभाग कर रहे देश के प्रतिनिधियों को बताएं। उन्होंने कहा कि 2030 तक उच्च शिक्षा में युवाओं की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 30 प्रतिशत से 50 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा जाए। राज्यपाल श्रीमती पटेल ने कहा कि युवाओं को संवेदनशीलता, देशभक्ति, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण के साथ ही अपने दायित्वों का निर्वाह करना चाहिए। कहा कि शिक्षा का क्षेत्र अत्यन्त व्यापक है। अतः इसकी समग्रता को समझते हुए प्राथमिक व माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के प्रधानाचार्य को विश्वविद्यालय में बुलाकर उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चर्चा की जाए जिससे गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। उन्होंने दिव्यांगों एवं किन्नरों की उच्च शिक्षा के लिए भी समाज में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कस्तूरबा विद्यालयों में 12वीं तक की शिक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार प्रयास कर रही है। राज्यपाल ने रजत जयंती वर्ष में दीक्षांत समारोह आयोजित करने एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर विश्वविद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों को संदेश दिया कि भारत की युवा पीढ़ी को हमारी भव्य आध्यात्मिक एवं बौद्धिक विरासत का मनोयोग पूर्वक अध्ययन करना चाहिए।कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने स्वागत भाषण एवं प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय अपनी शैक्षिक उपलब्धियों के साथ ही अपनी संरचना के विकास की ओर भी तीव्रता से गतिमान है। विश्वविद्यालय के बहुआयामी विकास एवं समाज के उपेक्षित वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विश्वविद्यालय सदैव तत्पर रहता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का महिला अध्ययन केंद्र गांव में जागरूकता शिविर लगाकर ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयत्नशील है। सामाजिक सरोकार से संबंधित कार्यों तथा अपने दायित्व को भी विश्वविद्यालय पूर्ण मनोयोग से पूर्ण कर रहा है।17वें दीक्षान्त समारोह में विभिन्न विद्याशाखाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों को 23 स्वर्ण पदक प्रदान किये गये, जिनमें 8 स्वर्ण पदक छात्रों तथा 15 स्वर्णपदक छात्राओं को मिले। दीक्षान्त समारोह में सत्र दिसम्बर 2021 तथा जून 2022 की परीक्षा के सापेक्ष उत्तीर्ण लगभग 20 हजार शिक्षार्थियों को उपाधि प्रदान की गयी। अटल प्रेक्षागृह में दीक्षान्त समारोह के भव्य आयोजन के उपरान्त उपाधियां डिजीलॉकर पर अपलोड कर दी गयीं। दीक्षान्त समारोह भारतीय पारम्परिक परिधान में आयोजित किया गया।दीक्षांत समारोह की अध्यक्ष राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने 17वें दीक्षान्त समारोह में कुलाधिपति स्वर्ण पदक विश्वविद्यालय मुख्य परिसर अध्ययन केंद्र की छात्रा प्रतिज्ञा मिश्रा को प्रदान किया। प्रतिज्ञा मिश्रा ने एमए भूगोल विषय की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की तथा समस्त विद्याशाखाओं की स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में उत्तीर्ण समस्त स्नातकध्परास्नातक शिक्षार्थियों में सर्वश्रेष्ठ रहीं।राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन ने विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक इस बार स्नातकोत्तर वर्ग में विद्याशाखाओं के 06 टापर्स को दिए, जिसमें मानविकी विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक श्री बाबा साधव राम महाविद्यालय आजमगढ़ अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत एमए (अर्थशास्त्र) की छात्रा इन्द्रवासिनी को, समाज विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक विश्वविद्यालय मुख्य परिसर अध्ययन केंद्र से पंजीकृत एमए (भूगोल) की छात्रा प्रतिज्ञा मिश्रा को, प्रबन्धन अध्ययन विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक, रामस्वरुप ग्राम उद्योग स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पुखरायां, कानपुर अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत एम. बी. ए. के छात्र रजत कुमार राय को, शिक्षा विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक, कृष्ण सुदामा महाविद्यालय, सादात, गाजीपुर अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत एमए (शिक्षाशास्त्र) के छात्र जितेंद्र कुमार यादव को, विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक, किसान मजदूर महाविद्यालय भीटी मऊ अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत एमएससी (जैव रसायन) की छात्रा अमृता गुप्ता को, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक, श्री रतीराम महाविद्यालय, मथुरा, अध्ययन केंद्र से पंजीकृत एमएससी (खाद्य एवं पोषण) की छात्रा नेहा राठौर को दिया गया। राज्यपाल श्रीमती पटेल ने स्नातक वर्ग में भी विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक 06 मेधावी छात्रों को दिए, जिसमें मानविकी विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक, रामधन दामोदर महाविद्यालय, मऊ अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक (बीए) के छात्र हरिकेश चैहान को, समाज विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक, बी बी एस पब्लिक डिग्री कॉलेज, बरना, प्रतापगढ़ अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक (बीए) के छात्र संदीप कुमार को, प्रबन्धन अध्ययन विद्याशाखा से वश्विविद्यालय स्वर्ण पदक, बी बी एस पब्लिक डिग्री कॉलेज, बरना, प्रतापगढ़ अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक (बीकॉम) के छात्र शुभम श्रीवास्तव को, कम्प्यूटर एवं सूचना विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान, सुल्तानपुर अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक (बीसीए) की छात्रा शालिनी मिश्रा को, शिक्षा विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक देव इंद्रावती महाविद्यालय, कटेहरी, अंबेडकर नगर अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक (बीएड) की छात्रा अंजली सिंह को विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक, झाम बाबा महाविद्यालय, जलालपुर, अंबेडकर नगर अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक (बीएससी) के छात्र विकास कुमार चैरसिया को प्रदान किया गया। इस बार 10 मेधावी शिक्षार्थियों को दानदाता स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इनमें दो नए दानदाता स्वर्ण पदक को जोड़ा गया। जो छात्राओं को दिए गये, जिनमें स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के अंतर्गत संचालित स्नातकोत्तर गृह विज्ञान कार्यक्रम में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली रामधन दामोदर महाविद्यालय, मऊ अध्ययन केंद्र से पंजीकृत छात्रा अंजली राय को श्रीमती शिवपति द्विवेदी स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। इसी प्रकार समस्त स्नातकोत्तर कार्यक्रम में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली विश्वविद्यालय मुख्य परिसर अध्ययन केंद्र प्रयागराज से पंजीकृत एम ए भूगोल की छात्रा प्रतिज्ञा मिश्रा को श्री संतोष कुमार दीक्षित स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान किया गया।इसके साथ ही शिक्षा विद्याशाखा के पूर्व निदेशक प्रो सुशील प्रकाश गुप्ता की स्मृति में स्व सुशील प्रकाश गुप्ता स्मृति स्वर्ण पदक तथा बाबू ओमप्रकाश गुप्त स्मृति स्वर्ण पदक देव इंद्रावती महाविद्यालय कटेहरी अंबेडकर नगर से पंजीकृत बी एड की छात्रा अंजली सिंह को प्रदान किया गया। श्री कैलाशपत नेवेटिया स्मृति स्वर्ण पदक विश्वविद्यालय मुख्य परिसर अध्ययन केन्द्र, प्रयागराज से पंजीकृत एमबीए की छात्रा स्मिता दीक्षित को स्व अनिल मीना चक्रवर्ती स्मृति स्वर्ण पदक स्नातक वर्ग में बी बी एस पब्लिक डिग्री कॉलेज, बरना, प्रतापगढ़ अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक (बीए) के छात्र संदीप कुमार को तथा स्नातकोत्तर वर्ग में विश्वविद्यालय मुख्य परिसर, प्रयागराज अध्ययन केंद्र से पंजीकृत एमए (भूगोल) की छात्रा प्रतिज्ञा मिश्रा को प्रदान किया गया। प्रो एमपी दुबे पर्यावरण/गांधी चिन्तन एवं शान्ति अध्ययन उत्कृष्टता स्वर्ण पदक, झाम बाबा महाविद्यालय जलालपुर अंबेडकर नगर अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत बीए के छात्र सुधांशु गुप्ता को तथा प्रो एमपी दुबे दिव्यांग मेधा स्वर्णपदक टीडी कॉलेज जौनपुर अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत बीएड की छात्रा भव्या सिंह को दिया गया। महान राष्ट्रकवि श्रद्धेय पं सोहन लाल द्विवेदी स्मृति स्वर्णपदक श्री बाबा साधव राम महाविद्यालय, कोइनहां, आजमगढ़ अध्ययन केंद्र से पंजीकृत एमए (हिन्दी) की छात्रा रुचि यादव को दिया गया। इस बार राज्यपाल के निर्देश पर विश्वविद्यालय के सभी 12 क्षेत्रीय केंद्रों पर दीक्षांत सप्ताह के अंतर्गत दीक्षोत्सव के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय स्तर पर निर्णायक मंडल द्वारा चयनित किए गए सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों में परम्परागत खेल प्रतियोगिता में आदित्य कुमार, काव्य लेखन में आशीष शर्मा, निबंध लेखन में सुरेंद्र यादव, चित्रकला में प्रांजली यादव, देशभक्ति गीत में प्रमोद कुमार द्विवेदी, लोक नृत्य में आंचल अग्रवाल तथा भाषण प्रतियोगिता में जगवीर सिंह चैधरी को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही राज्यपाल श्रीमती पटेल ने प्रोफेसर ओम जी गुप्ता तथा प्रोफेसर जी एस शुक्ल को उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय केंद्र के रूप में चयनित प्रयागराज क्षेत्रीय केंद्र के समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह को सम्मानित किया। राज्यपाल श्रीमती पटेल ने इस अवसर पर राज अंध विद्यालय के दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं एवं भारत स्काउट एंड गाइड के स्वयंसेवक बच्चों को उपहार स्वरूप बैग वितरित किए।विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार इस दीक्षांत समारोह में प्रतिज्ञा मिश्रा को 4 स्वर्ण पदक प्रदान किए गये। विश्वविद्यालय के रजत जयंती वर्ष में आयोजित होने वाला यह दीक्षांत समारोह प्रतिज्ञा मिश्रा की इस उपलब्धि के रूप में याद किया जाएगा। इसके साथ ही एक अन्य छात्रा अंजली सिंह को तीन स्वर्ण पदक एक साथ दिए गये। निश्चय ही इससे बालिकाओं का शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ेगा।प्रारंभ में समारोह की अध्यक्ष राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर एवं जल संरक्षण के लिए जल भरो अभियान से दीक्षांत समारोह की शुरुआत की। इससे पूर्व शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का स्वागत भारत स्काउट एंड गाइड के स्वयं सेवकों ने घोष के साथ किया। दीक्षांत समारोह का संचालन प्रोफेसर पीके पांडेय एवं डॉ श्रुति ने किया। राज्यपाल महोदया शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क में स्थित संग्रहालय, आनंद भवन एवं हरिवंश राय बच्चन आवास का भी किया अवलोकन। राज्यपाल महोदया राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह कार्यक्रम के उपरांत शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क में स्थित इलाहाबाद संग्रहालय का भी अवलोकन किया।राज्यपाल महोदया ने वहां पर दीप प्रज्जवलन किया तथा वहां पर लगे हुए साइन बोर्ड पर हस्ताक्षर भी किया। उन्होंने वहां पर स्कूली बच्चों को बैग एवं फल वितरित किया। उन्होंने वहां पर स्वतंत्रता आंदोलन से सम्बंधित बनायी गयी आजाद गैलरी का अवलोकन किया। राज्यपाल महोदया शहीद चन्द्रशेखर आजाद परिसर में आंवला के वृक्ष का रोपण भी किया। तत्पश्चात राज्यपाल महोदया ने आनंद भवन एवं हरिवंश राय बच्चन के आवास का भी अवलोकन किया।



# चीन में फिर हाहाकार, शहरों में बांटी जा रही मुफ्त दवाएं

कोरोना के मामले बढ़ते ही जा रहे है। अमोक्रोन का नया स्वरूप बीए 5.2 तथा बीएफ.7 चीन में सबसे ज्यादा कहर बरपा रहा है, जिससे दुनिया में एक बार फिर कोरोना



महामारी (ण्दिदर्हेनेिले) फैलने की संभावना बढ़ गई है। चीन ने जैसे ही कोरोना प्रतिबंधों को लेकर ढील दी वैसे ही कोरोना के मामले बढ़ते चले गए। अब हाल ये है कि अस्पताल मरीजों से पूरी तरह भर गया है और स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं। इसी को देखते हुए अब चीन के शहरों ने जनता को मुफ्त बुखार-रोधी दवाओं का वितरण करना शुरू कर दिया है। दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में कोविड-19 व्यापक रूप से अनियंत्रित हो गया है। चीन ने जब से कोरोना नियमों में राहत दी है, तभी से कोविड मामलों में लगातार वृद्धि हुई है। 2020 की शुरूआत में महामारी शुरू होने के बाद से देश की आधिकारिक मौत का आंकड़ा 5 हजार 241 है। बता दें कि चीन ने 21 दिसंबर तक का कोई भी नई कोविड मौत की सूचना नहीं दी है। वहीं अंतिम संस्कार सेवा कार्यकर्ताओं का कहना है कि उनकी सेवाओं के लिए मांग बहुत तेजी से बढ़ रही है और लोगों की लंबी कतारे लगी हुई। इन सब कारणों से फीस भी बढ़ा दी गई है। शंघाई डेजी अस्पताल ने अपने आधिकारिक वीचैट अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अनुमान लगाया कि शहर में लगभग 5 लाख 43 हजार सकारात्मक केस आए थे और चीन के मुख्य वाणिज्यिक केंद्र में 25 लाख लोगों में से आधे साल के अंत तक संक्रमित हो जाएंगे। क्रिसमस, नए साल और चंद्र नव वर्ष में चीन के हालात बेहद खराब हो जाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि चीन को अगले साल एक लाख से अधिक कोविड मौतों का सामना करना पड़ सकता है। राज्य मीडिया ने कहा कि स्थानीय सरकारें दवा की कमी को दूर करने के लिए कदम उठा रही हैं, जबकि दवा कंपनियां आपूर्ति बढ़ाने के लिए ओवर-टाइम काम कर रही हैं। ग्लोबल टाइम्स ने बताया कि दक्षिणी चीन के एक विशाल शहर, डोंगगुआन ने कहा कि शहर में कुल 100,000 इबुप्रोफेन टैबलेट आ चुके हैं, और इस हफ्ते 41 राज्य दवा दुकानों में वितरित किए जाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि वुहान में, 17 दिसंबर से रोजाना चिकित्सा संस्थानों और खुदरा फार्मेसियों को 3 मिलियन इबुप्रोफेन टैबलेट की आपूर्ति की गई है। दक्षिणी हैनान द्वीप पर सान्या में अधिकारियों ने मुफ्त दवा वितरित करने के लिए 18 फार्मेसियों को तैयार किया है। झोउकोउ में फार्मासिस्ट एक दिन में उन निवासियों को 10 मुफ्त टैबलेट दे रहे हैं जो आईडी कार्ड दिखा रहे हैं।

# संस्कृत की महत्ता बढ़ाने वाला शोध, इसके अध्ययन में अब आ सकता है क्रांतिकारी बदलाव

यह सुखद आश्चर्य का विषय है कि जिस वर्ग ने संस्कृत को मृत, कालबाह्य एवं अनुपयोगी भाषा मानकर शैक्षिक एवं सार्वजनिक विमर्श से लगभग बहिष्कृत-सा कर रखा था, कैंब्रिज विश्वविद्यालय के शोधार्थी ऋषि राजपोपट के पाणिनि पर किए शोध के पश्चात उनके सुर भी बदलने लगे हैं। राजपोपट के निष्कर्षों को अंग्रेजी मीडिया ने भी पर्याप्त स्थान दिया, जिसे आम तौर पर हिंदी-संस्कृत के नाम से परहेज रहा है। उल्लेखनीय है कि संस्कृत की ढाई हजार वर्ष से अनसुलझी एक गुत्थी को ऋषि राजपोपट ने सुलझाने का दावा किया है। यह ईसा से 700 वर्ष पूर्व भाषाओं के जनक कहे जाने वाले भारतीय मनीषी, महान भाषाविद् पाणिनि के नियम से संबंधित है। राजपोपट ने अपने शोध पत्र 'इन पाणिनि, वी ट्रस्ट डिस्कवरिंग द एल्गोरिदम फार रूल कान्फ्लिक्ट रिजोल्यूशन इन द अष्टाध्यायी' में इस गुत्थी को सुलझाया है। आचार्य पाणिनि ने ही सर्वप्रथम भाषा को व्याकरणबद्ध किया। उनकी महान कृति 'अष्टाध्यायी' में आठ अध्याय और लगभग 4,000 सूत्र हैं। कहा जाता है कि इसमें लिखे गए नियम बिल्कुल एक मशीन की भांति काम करने के लिए बनाए गए हैं। इस ग्रंथ में मूल शब्दों से नए शब्दों को प्राप्त करने या बनाने के लिए नियमों का एक समूह सम्मिलित है।कई बार नए शब्द को बनाने के लिए परस्पर विरोधी नियम होते हैं, जिससे विद्वान भ्रमित हो जाते हैं कि कौन सा नियम अधिक उपयुक्त एवं परिणामदायी है। इसके समाधान के लिए पाणिनि ने स्वयं एक मेटा-नियम लिखा था, जिसकी परंपरागत व्याख्या इस प्रकार की गई कि नियमों के मध्य संघर्ष या विसंगति की स्थिति में व्याकरण-क्रम में बाद में आने वाले नियम प्रभावी माने जाएं। मेटा रूल की इस पारंपरिक



व्याख्या को राजपोपट ने इस तर्क के साथ खारिज किया है कि पाणिनि का मतलब था कि क्रमशः एक शब्द के बाएं और दाएं पक्षों पर लागू होने वाले नियमों के बीच, दाएं पक्ष पर लागू होने वाले नियमों का चयन किया जाना चाहिए। राजपोपट का दावा है कि उनके अन्वेषण से बिना किसी अपवाद के व्याकरणिक रूप से सही शब्दों के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा और अष्टाध्यायी द्वारा प्रदान किए गए नियमों का अधिक सटीक उपयोग करने में सुविधा होगी। यह खोज संस्कृत के अध्ययन में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी तथा कंप्यूटर एवं आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगी। इससे दुनिया भर में संस्कृत के प्रति रुचि भी बढ़ेगी। अपनी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर राजपोपट ने कहा है, 'पाणिनि के पास अद्भुत मस्तिष्क था। मानव इतिहास में उनके जैसे मस्तिष्क वाला व्यक्ति होने का दूसरा उदाहरण नहीं मिलता।' अष्टाध्यायी की उत्कृष्टता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि जर्मन विद्वान मैक्समूलर तक को कहना पड़ा कि इस ग्रंथ के समक्ष अंग्रेजी, ग्रीक या लैटिन की संकल्पनाएं नगण्य हैं। स्मरण रहे कि 'अष्टाध्यायी' मात्र सूत्र व्याकरण-ग्रंथ नहीं है। इसमें प्रकारांतर से तत्कालीन भारतीय समाज का पूरा चित्र मिलता है। उस समय के भूगोल, सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और राजनीतिक जीवन, दार्शनिक चिंतन, खान-पान, रहन-सहन आदि के प्रसंग वहां स्थान-स्थान पर चित्रित हैं। वैसे अभी राजपोपट के निष्कर्षों को संस्कृत विद्वानों की मानक कसौटी पर कसा जाना शेष है। वस्तुतः, सनातन संस्कृति एवं शास्त्रोक्त परंपरा में कोई ज्ञान एवं तत्व-चिंतन चर्चा, शास्त्रार्थ, प्रयोग एवं व्यवहार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया से गुजरकर ही पूर्णता को प्राप्त होता है, परंतु इतना तो तय है कि राजपोपट की उपलब्धि ने विद्वत वर्ग का ध्यान आकर्षित किया है और संस्कृत को एक असीम संभावनाशील, रोजगारपरक, आधुनिक एवं वैज्ञानिक भाषा के रूप में चर्चा के केंद्र में पुनः ला खड़ा किया है, पर हमें पहले से इससे अवगत होना चाहिए कि संस्कृत साहित्य में समस्त मानव-जाति की मौलिक एवं उदात्त अनुभूतियों को स्वर मिला है। संसार की सबसे प्राचीन, उदार एवं सर्वसमावेशी सभ्यता की स्मृतियां, ज्ञान और अनुभव की थाती संस्कृत में ही संचित हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अनेकानेक दुर्लभ एवं अनूठी विशेषताओं से सुसज्जित तथा विज्ञान एवं तकनीक की दृष्टि से सर्वथा उपयुक्त होने के बावजूद संस्कृत की घनघोर उपेक्षा की गई और स्वतंत्रता-प्राप्ति के पश्चात भी उसे यथोचित स्थान और सम्मान नहीं मिल पाया। कम से कम अब तो यह काम होना चाहिए। इसलिए और होना चाहिए, क्योंकि भारत का कथित बुद्धिजीवी वर्ग अपनी ही भाषा, कला, संस्कृति, ज्ञान-परंपरा एवं युगों से चली आ रही मान्यताओं के प्रति संशय एवं मतिभ्रम का शिकार रहा है। इस वर्ग के भीतर भारत की सनातन परंपराओं, जीवन-मूल्यों और गौरवशाली उपलब्धियों के प्रति हीनता का भाव है। वह भारत की श्रेष्ठतम उपलब्धियों या महानतम अवदान को तब तक स्वीकार नहीं करता, जब तक पश्चिम उसे मान्यता नही दे देता। पश्चिम की मान्यता-स्वीकृति के पश्चात भी वह किंतु-परंतु के साथ उसकी यथासंभव उपेक्षा करने की कुचेष्टा करता रहता है। भाषा, कला, शिक्षा, संस्कृति, साहित्य, स्थापत्य, इतिहास या ज्ञान-विज्ञान के सभी क्षेत्रों का आकलन-मूल्यांकन वह पश्चिमी-परकीय दृष्टिकोण से ही करता आया है। इसीलिए समय, परिस्थिति एवं उपयोगिता की कसौटी पर खरा उतरने के बावजूद योग, आयुर्वेद, खगोल, भारतीय काल-गणना से लेकर संस्कृत एवं सनातन ज्ञान-परंपरा की प्राचीनता, श्रेष्ठता, सार्वभौमिकता एवं वैज्ञानिकता आदि के प्रति यह वर्ग हीनता एवं नकारात्मकता से भरा रहा है।

# नोएडा स्टेडियम में महाकौथिग मेला की हुई शुरूआत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** उत्तराखंड महाकौथिग के प्रथम दिन का आरम्भ पूजा एवं हवन प्रात 9 बजे माँ नंदा देवी शोभा यात्रा के साथ प्रात 10:30 बजे गौतम बुद्ध नगर की कमिश्नर लक्ष्मी सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मेले का विधिवत उद्घाटन किया गया। जहां कमिश्नर महोदया ने उत्तराखंड की देवभूमि को पवित्र व देवो का स्थान बताया। साथ ही महाकौथिग मेले को राज्य सरकार द्वारा पर्यटन व संस्कृति के संरक्षण हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। सुबह के सत्र मे कोरियोग्राफर सीमा पवार की टीम महाकौथिग द्वारा जोनसार वंदना की गई। साथ ही पर्वतीय कला संगम दिल्ली द्वारा प्रस्तुति दी गई। जिसमें और भी कई संस्थाओं ने अपनी प्रस्तुति दी। प्रथम दिवस शाम की संध्या में लोक कलाकारों की प्रस्तुतियाँ होगी। अपराहन 3:30 पर प्रसिद्ध कलाकारो की प्रस्तुति जिसमे लोक गायक सौरभ मैठानी, लोक गायिका दीपा नगरकोटी,मनोज आर्या,नीमा भंडारी, नृत्य ग्रूप पर्वतीय कला संगम होंगे। साथ ही शिव स्तुति के साथ प्रथम दिन का समापन किया जाएगा। इस अवसर पर नोएडा से डीसीपी एसीपी मुख्य संयोजक राजेंद्र चौहान स्वर कोकिला कल्पना चौहान,संरक्षक नरेंद्र सिंह बिष्ट,आदित्य घिल्डियाल,अध्यक्ष सौरभ धस्माना ,उपाध्यक्ष हरेंद्र शर्मा,वरिष्ट सलाहकार राजेन्द्र रावत, मीडिया प्रभारी रजनी जोशी ,कोषाध्यक्ष सुबोध थपलियाल, महासचिव,इंदिरा चौधरी,राखी धनाई, अनिल राणा,हरीश असवाल, आदि उपस्थित रहे।



# 17 साल की नाबालिग बेटी करेगी अपने बीमार पिता को लीवर डोनेट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कोच्चि।** केरल के त्रिशूर जिले की एक नाबालिग लड़की अब अपने बीमार पिता को अपने हिस्से का कुछ लीवर डोनेट कर सकती है।




केरल हाई कोर्ट ने इसकी मंजूरी दे दी है। बता दें कि 17 वर्षीय देवानंदा ने मानव अंग और ऊतक प्रत्यारोपण अधिनियम, 2014 की धारा 18 के तहत निर्धारित डोनर होने की उम्र में छूट की मांग की थी। कोर्ट ने लड़की की याचिका को स्वीकार करते हुए लीवर का एक हिस्सा अपने पिता को दान करने की इजाजत दे दी है। न्यायमूर्ति वीजी अरुण ने 20 दिसंबर के अपने फैसले में कहा कि ये जानकर बेहद खुशी हुई की देवानंदा की लड़ाई सफल हुई। वह पिता की जान बचाने के लिए देवानंदा की लड़ाई की काफी सराहना करते हैं। इसके साथ ही न्यायमूर्ति ने पिता के लिए लड़की की प्रेम भावना को सलाम किया और कहा कि धन्य हैं वे माता-पिता, जिनके पास देवानंदा जैसी संतान हैं।

# घने कुहरे को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के परिवहन विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** में कुहरे के कारण लगातार हो रही सड़क दुर्घटना को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी सुहास एलवाई के निर्देशों के क्रम में जनपद के परिवहन विभाग ने सभी वाहन चालकों को अवगत कराया है कि शीत ऋतु में सड़क से यात्रा करने में कोहरा एक बड़ी समस्या साबित होता है। कोहरे में दृश्यता कुछ ही मीटर रह जाती है और प्रायः सड़क दुर्घटनायें हो जाती हैं। कुछ सावधानियाँ बरतकर दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है- 1-यथा संभव कोहरे में यात्रा न करें। समय अवश्य बहुमूल्य है, परन्तु जीवन अनमोल है।कोहरे में चलने की विवशता होने पर अपने वाहन को अत्यन्त धीमी गति से चलायें और सतर्क रहें। 2- अपनी खिड़की के शीशे थोड़ा खुला रखें। तापमान को ए0सी0 और हीटर के बीच सैटिंग पर रखें। उसकी हवा विंडस्क्रीन की ओर कर दें, इससे विंडस्क्रीन पर भाप नहीं जमेगी। फ्रन्ट डिमिस्टर और रियर डिफॉगर का प्रयोग करें। 3-अपने वाहन के फॉग लैम्प और हेडलैम्प को ऑन कर दें और हेडलाइट को 'लो बीम' पर रखें।4- अपने वाहन की हैजर्ड लाइट्स को ऑन कर दें और पार्किंग लाइट्स भी जला लें5- स्टीरियो या एफ.एम. को बन्द कर दें 6- यथासमय धीमी गति से एक दूसरे के पीछे चलें तथा अपने वाहन के आगे एवं पीछे चल रहे वाहनों से एक निश्चित दूरी बनाये रखें। आवश्यकता पड़ने पर ब्रेक धीरे लगायें। 7- एक ही लेन में चलें और ओवरटेक न करें। सड़क के बीच में खड़े खराब वाहनों व सड़क किनारे पार्क किये गये वाहनों से सावधान रहें 8- कोहरे के कारण अक्सर दृष्टिभ्रम हो जाता है। टू-लेन की सड़क पर वाहन की गति कम रखते हुये सड़क के बायें किनारे के सहारे चलें। सड़क के बीच में कदापि न चले। शहरी क्षेत्र जहाँ डिवाईडर हों, वहाँ डिवाईडर के सहारे चलें। एक्सप्रेस-वे पर अपनी निर्धारित लेन में ही चलें। 9- यदि दिन में कोहरा हो तो दिन में भी हेड लाइट जलाकर ही चल 10- अपनी सुरक्षा के लिए अपने वाहन में रेट्रो रिफ्लक्टिव टेप अवश्य लगवायें। कृषक बन्धु भी अपनी सुरक्षा के लिए ट्रैक्टर-ट्राली के आगे सफेद व पीछे लाल रेट्रोरिफ्लेक्टिव टेप लगवायें। मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत व्यवसायिक वाहनों में आगे सफेद व पीछे की ओर लाल तथा दोनों साइड में पीला रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगा होना चाहिए।

# सेक्टर-75 स्थित गोल्फ सिटी प्लॉट-8 एओए के चुनाव में नौ सदस्यीय कार्यकारिणी समिति चुनी गई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सेक्टर 75 स्थित गोल्फ सिटी प्लॉट-8 के अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन्न हुआ, जिसमें नौ संतोष कुमार, सुनील अग्रवाल और एस.के.रथ को कार्यकारिणी समिति का सदस्य निर्वाचित किया गया। एओए के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने गोल्फ सिटी प्लॉट-8 का संपूर्ण कार्य कारिणी समिति का चयन किया। रविवार को संपन्न हुए चुनाव में सोसायटी के 314 सदस्यों ने वोट डाले थे।सोसायटी के 19 लोग चुनाव लड़े थे,जिसमें से 9 लोग सदस्य



सदस्यीय कार्यकारिणी समिति चुनी गई। नौ सदस्यीय कार्यकारिणी समिति में मल्लिकेश्वर झा को अध्यक्ष, जयदीप चौधरी को उपाध्यक्ष, शकुन्तला कुमारी को महासचिव, अनमोल सिंह को संयुक्त सचिव, निशांत कुमार को कोषाध्यक्ष और सुमीता गुप्ता को उप कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। साथ ही विकास कराने, बचे कार्यों को शीघ्र पूरा कराने,सोसाइटी में रखरखाव की स्थिति में सुधार लाने, सुरक्षा व्यवस्था और सफाई व्यवस्था में सुधार लाने का संकल्प लिया है। रविवार को नौ सदस्यों के चयन के लिए चुनाव हुआ था।19 लोगों ने चुनाव लड़ा था,जिसमें से 9 लोग विजयी हुए थे। आज चुने गए 9 सदस्यों ने निर्वाचित किए गए थे। पहली बार सोसाइटी में चुनाव संपन्न होने और सोसाइटी वासियों को अपना प्रतिनिधि मिलने के कारण निवासियों में हर्षोल्लास का वातावरण कायम हो गया है। सोसाइटी के निवासियों को उम्मीद है कि अब सोसाइटी का विकास तेजी से होगा और सोसाइटी में आमूल चूल परिवर्तन होगा।

# जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के मध्य आयोजित किया गया विधिक साक्षरता शिविर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन मे तथा माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर के दिशा-निर्देशन में तथा श्री राजीव कुमार वत्स, कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में बंदियों को मौलिक अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता, प्ले-बारगेनिंग आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध कराई गई। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत रुप



अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में आज दिनांक 19.12.2022 को दोपहर 12:30 बजे से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर में निरुद्ध बंदियों के मध्य विधिक सेवा/जागरुकता से जानकारी उपलब्ध कराई गई। शिविर में श्री राजीव कुमार वत्स, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ श्री अरुण प्रताप सिंह, अधीक्षक जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर व जेल स्टाफ एवं निरुद्ध बंदीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

# गरुड़ स्पेशल फोर्स अमेरिकी और रूसी हथियारों से लैस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** गरुड़ इकाई आतंकवाद विरोधी और अन्य विशेष अभियानों में मुख्य भूमिका निभाती है। वायुसेना के एक अधिकारी ने बताया कि भविष्य में मेड-इन-इंडिया -203 असॉल्ट राइफलें प्रदान की जाएंगी। सेना की विशेष गरुड़ इकाई अमेरिकी व रूसी हथियारों से लैस होगी। स्पेशल गरुड़ फोर्स को अमेरिकी सिग सॉयर और रूसी -103 असॉल्ट राइफलों समेत नवीनतम हथियार मुहैया कराए गए हैं। गरुड़ इकाई आतंकवाद विरोधी और अन्य विशेष अभियानों में मुख्य भूमिका निभाती है। वायुसेना के एक अधिकारी ने बताया कि भविष्य में मेड-इन-इंडिया ऐके-203 असॉल्ट राइफलें प्रदान की जाएंगी।गरुड़ रेजिमेंट के ट्रेनिंग सेंटर के कमांडेंट ने कहा कि हम सभी बलों में सर्वश्रेष्ठ हैं, चाहे



वह किसी भी क्षेत्र में हो। यह कोई प्रतिस्पर्धा की बात नहीं है, लेकिन हर विशेष फोर्स मानती है कि हम श्रेष्ठ हैं भले ट्रेनिंग की बात हो या हथियारों की। मैं यह नहीं कहूंगा कि हम किसी से पीछे हैं, हम सभी सेनाओं भले वह विदेशी हो या देशी, हम सर्वश्रेष्ठ हैं। हाल में आई मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मई 2020 से ही भारतीय वायुसेना के गरुड़ स्पेशल फोर्स के कमांडो वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर विशेष अभियानों के लिए तैनात हैं। गरुड़ कमांडो चीन सीमा पर अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों पर चीनी सेना की गतिविधियों पर पैनी नजर रख रहे हैं। गरुड़ कमांडो को कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियानों और सैन्य अड्डों की सुरक्षा के लिए जाना जाता है। भारतीय वायुसेना ने एलएसी पर तैनात अपने विशेष बलों कोंख्-103 के साथ अमेरिकी सिग सॉर असॉल्ट राइफल जैसे उन्नत हथियारों से लैस किया है। इसका नवीनतम संस्करण ंख्-203 मेक इन इंडिया के तहत भारत में निर्मित किया जाएगा। भारतीय वायुसेना के अधिकारियों ने बताया कि गरुड़ स्पेशल फोर्स पूर्वी लद्दाख से लेकर सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश तक चीन सीमा के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात है, जहां वे जरूरत पड़ने पर विशेष अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा कि एलएसी पर इन गरुड़ कमांडो की तैनाती 2020 से ही है, जब भारतीय वायुसेना ने इस क्षेत्र में चीनी सेना के अतिक्रमण का मुकाबला करने के लिए बड़े पैमाने पर तैनाती की थी।

# पेंशनर निर्धारित प्रारूप पर अपने वाद आगामी 27 दिसम्बर तक कोषागार में करायें उपलब्ध

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** मुख्य कोषाधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया कि राजकीय कार्यालयों से सेवा निवृत्त तथा मृत शासकीय सेवको के परिवार के सेवानिवृत्तिक लाभों से सम्बन्धित समस्याओं के निदान के उद्देश्य से आगामी पेंशन अदालत माह जनवरी, 2023 को आयुक्त महोदया की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में आयोजित की जानी सम्भावित है। उन्होंने बताया कि जनपद गौतमबुद्धनगर के कोषागार में दिनांक 27.12.2022 तक वाद प्राप्त किये जाने की विशेष व्यवस्था की गयी है। अतः ऐसे सभी पेंशनरों से अपेक्षित है कि ये वाद पत्र के निर्धारित प्रारूप पर ही अपने वाद निर्धारित तिथि तक कोषागार गौतमबुद्धनगर में प्रस्तुत करें। वाद पत्र का निर्धारित प्रारूप कोषागार गौतमबुद्धनगर के नोटिस बोर्ड से नोट किया जा सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि वाद निर्धारित प्रारूप पर ही स्वीकार किये जायेगे अपूर्ण प्रारूप पर प्राप्त वाद पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। पेंशन अदालत में अधिवक्ताओं का प्रवेश वर्जित होगा। असक्षम/विकलांग पेंशनरों के सहायक पेंशन अदालत से एक दिन पूर्व अपर निदेशक/संयुक्त निदेशक महोदय से अनुमति प्राप्त कर पेंशन अदालत में प्रस्तुत हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि 27.12.2022 के पश्चात प्राप्त हुए वाद पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

# कोरोना के चलते चीन से भी बदतर हुआ जापान का हाल

रायटर। चीन में कोरोना के मामलों में तेज बढ़ोतरी के चलते अब विश्वभर के लोग सचेत होने लगे हैं। इसके चलते भारत में भी केंद्र एवं राज्य सरकारों ने ऐहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इस बीच चीन के साथ जापान में भी कोरोना के मामले बढ़ने लगे हैं। जापान में प्रतिदिन कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिली है और एकदिवसीय कोरोना केस 2 लाख से ज्यादा हो गए हैं। जापान में बुधवार को 201,106 नए कोरोनोवायरस मामले सामने आए हैं। मंगलवार की तुलना में यह आंकड़ा 15,412 केस ज्यादा रहा। अकेले टोक्यो में 21,186 नए मामले दर्ज किए गए।

# रीवा पटियारी के पास स्कूल वाहन और बस के टकराने 1 बच्ची की मौत और कई बच्चे हुए घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**रीवा।** जिले के पटियाली गांव के पास स्कूल वाहन और बस की टक्कर से एक बच्चे की मौके पर मौत और कई बच्चे घायल घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जवा में चल रहा इलाज। 5 बच्चो को रीवा के लिए किया गया रेफर। जवा तहसील के पनवार थाना अंतर्गत पटियारी गांव के पास एक आज सुबह करीब साढ़े 8 बजे के आसपास ग्रीन वर्ल्ड स्कूल पिकअप वाहन और शुक्ला बंधु बस के जोरदार टक्कर से पिकअप वाहन में सवार 40 से ज्यादा बच्चे थे जिसमें 1 बच्ची की ऑन दी स्पॉट मौत हो गयी और बचे सभी बच्चे घायल हो गए है जिसका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जवा में इलाज चल रहे है 5 बच्चो की हालत नाजुक होने पर रीवा के लिए रेफर किया गया ।जिसकी जानकारी लगते ही पनवार थाना प्रभारी महेंद्र सिंह बघेल सहित थाना स्टॉप ने मौके पर पहुचकर घायलों को 108 की मदद से स्वास्थ्य केंद्र जवा पहुँचवाया गया। बताया जाता है कोहरा के वजह से बस और पिकअप वाहन के आमने-सामने से टकराने से पिकअप वाहन के परखच्चे उड़ गए। उक्त पिकअप वाहन में प्रतिदिन क्षमता से ज्यादा बच्चो को भूसे की तरह भर कर बैठाया जाता था जिसमें स्कूल प्रवंधन और वाहन मालिक की लापरवाही मानी जा रही है।



# मैहर अमदरा क्षेत्र के घुनवारा में मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई घोषणा पर कार्य ना होने से 3 दिन से क्रमिक बैठे भूख हड़ताल पर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।**उप चुनाव वर्ष 2016 मैहर ग्राम घुनवारा में मुख्यमंत्री जी द्वारा



की गई घोषणाएं अभी तक पूरी नहीं हुई घोषणाओं को पूरा कराने के लिए ग्राम घुनवारा में लगातार तीन दिनों से बैठे अनशन कारियों के बीच मध्य रात्रि में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव संजय कपूर जी मैहर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धर्मेश घई जी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी दद्दा जी, रावेन्द्र पटेल जी पूर्व जनपद सदस्य अशोक साहू जी बेरमा के साथ पहुंचकर अनशन में बैठे घुनवारा ग्राम के सभी प्रबुद्ध जनों से संवाद किया घुनवारा ग्राम के वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार त्रिपाठी जी, नवनिर्वाचित सरपंच ओम साहू जी, महेन्द शर्मा जी,राजाराम सोनी जी,नीरज कर्णजी , अमर अग्रवालजी , योगेश सोनीजी ,राजू अग्रवालजी , सुरेन्द अग्रवालजी , श्रीमती ममता विश्कर्मा जी,मंजू अग्रवाल जी,पंकज सोनीजी ,प्रिंश तोमरजी ,राजेश गुप्ताजी ,रमेश साहूजी (पंच),,मिलापी पालजी , विकिन सोनीजी ,शुभम सोनी(विक्की)जी ,मिंटू त्रिपाठीजी , अमन त्रिपाठी जी , शैलेन्द्र गुप्ता जी ,संदीप खटीक जी ,मुकेश गुप्ता जी , राजू सेन जी ,एवं समस्त ग्राम वासी माताएं बहने उपस्थित रही । सभी ग्रामीणों ने कांग्रेस नेताओं के समक्ष अपनी बेदना प्रकट की सम्मानीय कपूर साहब ने पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय कमलनाथ जी के माध्यम से घुनवारा ग्राम की घोषणाओं को पूरा कराने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने की बात कही धर्मेश घई जीने अनशन कारियों को आश्वस्त किया कि हर स्थिति में कांग्रेस ग्राम वासियों के साथ खड़ी है और जनता से बड़ा कुछ नहीं होता और जब जनता सड़कों पर उतरती है तो सरकार को घुटनो के बल ला देती है ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी दद्दा ने कहां की अनशन के तीन दिन बीत जाने के बाद भी अनशन कारियों की सुध न लेना सरकार के अहम एवं प्रशासनिक अधिकारियों के तानाशाही रवैए को दर्शाता है।

# विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान,उपन्यास 'जैसे थे' का हुआ भव्य विमोचन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।**रविवार को दिल्ली के गांधी



पीस फाउंडेशन सभागार में शोभना वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से शोभना सम्मान 2022 समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करनेवालों को शोभना सम्मान से विभूषित किया गया। इस समारोह में सुप्रसिद्ध युवा व्यंग्यकार सुमित प्रताप सिंह की आठवीं पुस्तक व पहले हास्य व्यंग्य उपन्यास 'जैसे थे' के द्वितीय संस्करण का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार श्रीकांत सक्सेना ने की तथा मुख्य अतिथि वरिष्ठ लेखक एवं शिक्षाविद वीरेंद्र दुबे रहे। समारोह के विशिष्ट अतिथि की भूमिका सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार डॉ. अनीता यादव एवं सुयश कुमार द्विवेदी की रही। कार्यक्रम का संयोजन सुरेश सिंह तोमर व शोभना वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्षा शोभना तोमर ने किया। कार्यक्रम का संचालन सुमित प्रताप सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती को माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण से हुआ। इसके पश्चात् मां सरस्वती की वंदना का गायन हुआ। इसके उपरांत कार्यक्रम के अतिथियों एवं अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ, शाल व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। तदुपरांत सुप्रसिद्ध साहित्यकार सुमित प्रताप सिंह के बहुचर्चित उपन्यास 'जैसे थे' के द्वितीय संस्करण का मंचाधिशीन विद्वजनों द्वारा लोकार्पण किया गया। इसके पश्चात् विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली देश भर से आयीं विभूतियों को शोभना सम्मान से विभूषित किया गया। लेखन की श्रेणी में भोपाल (म.प्र.) की रुपाली सक्सेना, दिल्ली के राजा मंसूरी, राजीव तनेजा एवं अमित श्रीवास्तव, पुलिस सेवा की श्रेणी में दिल्ली के इंस्पेक्टर लोकेश यादव व इंस्पेक्टर दीपक पवार एवं देहरादून (उत्तराखंड) के इंस्पेक्टर सुरेंद्र शर्मा को शोभना सम्मान 2022 से विभूषित किया गया। प्रतापगढ़ (उ.प्र.) के अभिमन्यु पाण्डेय को पत्रकारिता की श्रेणी में इस सम्मान से नवाजा गया। अभिमन्यु पाण्डेय देश के फिलहाल दैनिक भास्कर के उत्तराखंड संस्करण के लिए दिल्ली ब्यूरो हेड के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान दैनिक भास्कर की निष्पक्ष पत्रकारिता को खूब सराहा गया। दिल्ली के संजीव शर्मा एवं शालिनी शर्मा को संयुक्त रूप से विधि सेवा की श्रेणी में, दिल्ली के मनोज कलोसिया को बॉक्सिंग कोचिंग की श्रेणी में, आगरा (उ.प्र.) के अभय प्रताप सिंह को बॉक्सिंग के क्षेत्र में, दिल्ली के रवि कुमार को निर्देशन की श्रेणी में , दुष्यंत सिंह शिशोदिया को निशानेबाजी के क्षेत्र में , इटावा (उ.प्र.) मयंक सिंह भदौरिया एवं दिल्ली के रशीद अहमद को समाजसेवा की श्रेणी में, मैनपुरी(उ.प्र.) डॉ. अलोक सक्सेना को व्यंग्य की श्रेणी में तथा इटावा (उ.प्र.) के अनुज कुमार को अनूठी कला की श्रेणी में शोभना सम्मान से विभूषित किया गया।

# जी एल बजाज इन्स्टीट्यूट मे रक्त शिविर का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** जीएल बजाज कॉलेज के प्रांगण में रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली



इंपीरियल के द्वारा एक दिवसीय रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया । रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली इंपीरियल के अध्यक्ष तरूण अग्रवाल ने स्थापना समारोह के दौरान रिबन काटकर शिविर की शुरुआत की । जीएल बजाज शैक्षिक संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल, मैनेजिंग ट्रस्टी अंशु अग्रवाल के साथ रोटेरियन दिनेश गुप्ता, निरमल जी, राकेश बंसल, राजेश मोदी, रोशन जी, दुश्यंत जी, मनोज गुप्ता, राम चंद, धीरज जी ने कार्यक्रम में भाग लिया । कॉलेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्तिकेय अग्रवाल ने स्वागत अभिभाषण देते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया। कॉलेज के छात्र छात्राओं और अध्यापकों ने कैम्प में बढ़ चढ़ कर रक्त दान किया । ब्लड कैंप अधिकारी डॉ0 श्रवण कुमार ने बताया कि आज के कैम्प में कुल 150 यूनिट रक्त दान का लक्ष्य रखा गया था लेकिन सभी का उत्साह देखकर चिकित्सकों की टीम द्वारा 205 यूनिट रक्त लिया गया। कुल 231 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था जिसमें से 26 लोग स्वास्थ्य कारणों से अयोग्य रहे । सभी को रक्त दान के बाद अल्प आहार और सर्टिफिकेट का वितरण भी किया गया । इस दौरान कॉलेज के निदेशक डॉ0 मानस कुमार मिश्रा के साथ कॉलिज के सभी अध्यापक मौजूद रहे ।

# टीवी की संस्कारी बहू रश्मि देसाई ने पहनी ऐसी रिबीलिंग ड्रेस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस' फेम और भोजपुरी सिनेमा की जानी मानी एक्ट्रेस रश्मि देसाई आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। रश्मि ने अपने अब तक के करियर में कई हिट टीवी शोज के साथ कई भोजपुरी फिल्मों में भी अपनी अदाकारी का दम दिखाया है। रश्मि कई म्यूजिक वीडियोज में भी नजर आ चुकी हैं। वहीं एक्टिंग के साथ वो सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। आए दिन रश्मि अपनी हॉट एंड बोल्ड तस्वीरें और वीडियो फैंस के साथ शेयर कर उन्हें सरप्राइज देती रहती हैं। इसी बीच रश्मि का नया फोटोशूट हर किसी के होश उड़ा रहा है। ये तस्वीरें इंटरनेट पर ताबड़तोड़ वायरल हो रही हैं। रश्मि देसाई ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में रश्मि बला की हॉट नजर आ रही हैं। फोटोज में एक्ट्रेस ने ब्लैक कलर की रिवीलिंग नेकलाइन जंपसूट पहना है। उनकी इस ड्रेस के फ्रंट कट डिजाइन ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस ड्रेस के साथ रिश्म ने एक हाथ में बहुत सारी गोल्डन चूड़ियां पहनी हुई हैं। वहीं उन्होंने बेहद टाइट चोटी की है, जो उनके लुक को काफी अलग बना रही हैं। रश्मि का ये लुक सोशल मीडिया पर फैंस के बीच काफी चर्चा में बना हुआ है। रश्मि देसाई की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों को फैंस बार-बार देखना पसंद कर रहे हैं। इस पर कमेंट कर लगातार यूजर्स उनकी तारीफ करते दिख रहे हैं। इस पर रिएक्शन देते हुए एक यूजर ने लिखा, 'आप इतनी खूबसूरत कैसे हो सकती हैं।' वहीं एक ने लिखा, 'रश्मि की हॉटनेस के आगे सब फेल हैं।' एक लिखता है, 'सर्दी में गर्मी का अहसास।' एक ने कहा, 'इतनी ठंड में आप ऐसी ड्रेस पहनकर फोटोशूट कैसे करा रही हैं।' इस तरह के कई और कमेंट्स रश्मि की फोटोज पर आ रहे हैं। अब तक इन तस्वीरों काफी बार देखा जा चुका है।



# बेसरम रंग के बीच रिलीज होने जा रहा है 'पठान' का दूसरा गाना 'झूमे जो पठान', कव्वाली होगा अंदाज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** शाह रुख खान की मच अवेटेड फिल्म पठान लगातार मीडिया की सुर्खियों में छाई हुई है। कुछ दिनों पहले ही फिल्म का पहला गाना बेशरम रंग रिलीज हुआ था, जिसे लेकर ऐसा विवाद शुरू हुआ जो अब तक चल रहा है। वहीं, अब खबरें समाने आ रही है कि जल्द ही पठान का दूसरा गाना झूमे जो पठान भी रिलीज होने वाला है। पठान के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने फिल्म के दूसरे गाने की रिलीज की जानकारी दी है और बताया है कि झूमे जो पठान में फ्यूजन कव्वाली अंदाज देखने को मिलेगा। फिल्म का यह गाना दो दिन बाद 22 दिसंबर को रिलीज किया जाएगा। पिंकविला संग बातचीत में सिद्धार्थ ने कहा, ठझूमे जो पठान फिल्म के लीड पठान से जुड़ा हुआ है, जिसे शाह रुख खान ने निभाया है। गाने में सुपर स्पाई पठान के बारे में बताया गया, जिसका शानदार अंदाज एक लत की तरह है। उनकी एनर्जी, हो गया जब हमने शाह रुख को डांस करते हुए देखा हो, इस गाने में वो दीपिका के साथ किलर डांस स्टेप्स करते हुए नजर आएंगे।



वाइब और कॉन्फिडेंस किसी को भी झूमने पर मजबूर कर देगा डायरेक्टर ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि इस गाने में शाह रुख के साथ दीपिका पादुकोण भी हैं। उन्होंने कहा, बहुत टाइम हमें उम्मीद लोगों को यह पसंद आए शाह रुख खान आखिरी बार अनुष्का शर्मा के साथ फिल्म जोरी में नजर आए थे, जिसे आनंद एल राय ने डायरेक्ट किया था। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म फ्लॉप साबित हुई। वहीं, अब लगभग चार सालों बाद किंग खान कम बैक कर रहे हैं, और उनकी पहली फिल्म पठान होगी, जो अगले महीने सिनेमाघरों में दस्तक देगी। पठान को हिट बनाने के लिए शाह रुख पूरी मेहनत कर रहे हैं। बॉडी बनाने से लेकर फिल्म के प्रमोशन तक किंग खान हर पैंतरा आजमा रहे हैं। पठान को यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनाया जा रहा है, जिसे सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म को दुनियाभर के कई एक्जॉटिक लोकेशन में शूट किया गया है। स्टार कास्ट की बात करें तो फिल्म में शाह रुख खान और दीपिका पादुकोण के अलावा जॉन अब्राहम भी लीड रोल में हैं। फिल्म 25 जनवरी को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

# कुत्ते में दिखेगी 'कमीने' की झलक, हेडफोन लगाकर देखना ट्रेलर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** एक्शन से भरपूर अर्जून कपूर की फिल्म 'कुत्ते' अगले साल लोगों के मनोरंजन के लिए तैयार है। इस मच अवेटेड मूवी का मोशन पोस्टर जब से जारी किया गया है, तब से फैंस फुल मूवी को देखने के लिए उत्साहित हैं। उनके एक्साइटमेंट लेवल को भारद्वाज लीड कैरेक्टर्स हैं। 'कुत्ते' के ट्रेलर की शुरुआत अर्जुन कपूर से होती है, जो जंगल में बाकी लोगों से घिरे रहते हैं। यह सब के सब उन्हें पकड़ने के लिए आते हैं। सभी के हाथों में गन होती है और उन्हें एक साथ देखते ही अर्जुन कपूर गाली देते हुए बोलते हैं 'शराफत का जमाना ही नहीं



बनाए रखते हुए मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। 2 मिनट 42 सेकेंड के ट्रेलर को मेकर्स ने चैप्टर्स और अलग-अलग इंट्रो में डिवाइड किया गया है, ताकी कहानी को समझने में आसानी हो सके। 'कुत्ते' क्राइम थ्रिलर और डार्क ह्यूमर से भरपूर फिल्म है। इस मूवी में गाली का भरपूर इस्तेमाल किया गया है। फिल्म में नजर आने वाले सभी ग्रे-शेड कैरेक्टर यह दर्शाते हुए नजर आते हैं कि वह अपने किरदार अनुसार क्या कुछ नहीं कर सकते। 'कुत्ते' फिल्म में अर्जुन कपूर, तब्बू, कोंकणा सेन शर्मा, कुमुद मिश्रा, नसीरुद्दीन शाह, राधिका मदान और शार्दुल रहा। जिस तरह का ट्रेलर जारी किया गया है, उस अनुसार यह एडल्ट फिल्म लगती है। दर्शकों को अपने पसंदीदा अभिनेताओं को कुछ ऐसा करते हुए देखने को मिलेगा जो उन्होंने पहले कभी नहीं किया। दर्शकों को ट्रेलर में शाहिद कपूर स्टारर फिल्म कमीने के मजेदार टाइटल सॉन्ग की भी झलक देखने को मिलेगी। गालियों और एडल्ट डायलॉग से भरपूर यह फिल्म 13 जनवरी, 2023 को रिलीज हो रही है। 'कुत्ते' के ट्रेलर को दर्शकों का मिक्स रिस्पांस मिला है। किसी ने इसे पसंद किया है, तो किसी ने डायलॉग्स पर फिल्म को क्रिटिसाइज किया है। विशाल भारद्वाज ने फिल्म कमीने से सभी का मनोरंजन किया था।

# लंदन में वेकेशन मना रही हैं शिल्पा शेट्टी, बच्चों संग बर्फबारी के मजे लेती नजर आईं एक्ट्रेस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** फिल्मी सितारों क्रिसमस और नए साल का जश्न मनाने के लिए अपने फैमिली के साथ वेकेशन पर रवाना हो रहे हैं। हाल ही में करीना कपूर अपनी फैमिली के साथ विदेश के लिए रवाना हुई। बताया कि यह उनकी ढाई साल की बेटी समिशा पहली बर्फ में थी, जिसे उसने अपने हाथों में लिया। इस मौके पर सभी परफेक्ट विंटर्स लुक में नजर आ रहे हैं। शिल्पा ग्रे एंड ब्लैक स्वेटर और ब्लैक पैंट में नजर आ रही हैं और वह बेटे वियान राज ने शादी के पहले खरीदा था। इस आलीशान घर में 7 कमरों के साथ स्विमिंग पूल, जिम, गार्डन जैसी लग्जरी सुख-सुविधाएं मौजूद हैं। यह कपल अपने परिवार के साथ यहां हर साल वेकेशन मनाने आता है। शिल्पा ने इस साल अभिमन्यु



तो वहीं ऋतिक रोशन अपनी गर्लफ्रेंड और दोनों बच्चों के साथ क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए विदेश जा पहुंचे हैं। इसी बीच एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी भी अपने लंदन वाले घर जा पहुंची हैं। शिल्पा शेट्टी इन दिनों लंदन में अपने परिवार के साथ छुट्टियां मना रही हैं। इसी बीच एक्ट्रेस ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमे वह अपने बच्चों के साथ मस्ती करती दिखाई दे रही हैं। शिल्पा शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम पर बेटे वियान और बेटी समिशा संग एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में शिल्पा ने के साथ बर्फ में खेल रही हैं। दोनों एक-दूसरे पर स्नोबॉल फेंकते नजर आ रहे हैं। यह सभी जानते हैं कि शिल्पा शेट्टी बेहद शानदार लाइफस्टाइल के साथ ही काफी महंगे शौक भी रखती हैं। यही वजह है कि उनके पति राज उन्हें वक्त-वक्त पर महंगे तोहफे देते हुए नजर आते हैं। मुंबई में शिल्पा का आलीशान बंगला है जिसका नाम किनारा है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि शिल्पा और राज का एक ड्रीम होम इंग्लैंड के वेब्रिज में भी है, जिसका नाम राजमहल है। ये घर दसानी और शर्ली सेतिया के साथ एक्शन कॉमेडी निकम्मा के साथ पर्दे पर वापसी की थी। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा पाई। वह अब सिद्धार्थ मल्होत्रा और विवेक ओबेरॉय के साथ रोहित शेट्टी की आने वाली वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में नजर आएंगी। इस सीरीज से एक्ट्रेस का ओटीटी डेब्यू होगा। यह अमेज़न प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। रोहित अपने कॉप यूनिवर्स की कहानी को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं।

# गर्लफ्रेंड सबा आजाद संग वेकेशन पर निकले ऋतिक रोशन, दोनों बेटे भी आए नजर



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** 10 दिन बाद साल 2022 खत्म होने को है। ऐसे में हर कोई इन दिनों वेकेशन मूड में नजर आ रहा है। बॉलीवुड सेलेब्स भी एक के बाद एक वेकेशन पर जाते नजर आ रहे हैं। हाल ही में करीना कपूर अपनी फैमिली के साथ विदेश के लिए रवाना हुई। तो वहीं अब ऋतिक रोशन भी अपनी गर्लफ्रेंड और दोनों बच्चों के साथ क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए निकल पड़े हैं। मंगलवार की सुबह सुबह ऋतिक रोशन अपने परिवार संग एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए हैं। इस दौरान ऋतिक की गर्लफ्रेंड सबा आजाद भी नजर आई। इस दौरान ऋतिक दोनों बेटे रेहान और रिदान, उनकी कजिन बहन पश्मीना रोशन और उनकी गर्लफ्रेंड सबा आजाद भी मौके पर मौजूद रहीं। ऋतिक इस बार क्रिसमस काफी ग्रैंड सेलिब्रेट करने के मूड में नजर आ रहे हैं। सबा आजाद और पश्मीना रोशन को देख अंदाजा लगा सकते हैं कि इन दोनों के बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग है। ऋतिक रोशन और सबा आजाद काफी समय से डेट कर रहे हैं, जिस वजह से ऋतिक और सबा दोनों ही मीडिया लाइमलाइट में बने रहते हैं। दोनों अक्सर एक-दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम बिताते नजर आते हैं। ऋतिक और सबा, दोनों की मुलाकात एक म्यूजिक कॉन्सर्ट में कॉमन फ्रेंड के जरिये हुई थी। ऋतिक रोशन की अपकमिंग फिल्म की बात करें, तो फिल्म 'फाइटर' में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण एक साथ नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ दीपिका पादुकोण और करण सिंह ग्रोवर भी एक्टिंग करते देखे जाएंगे। इस फिल्म की आधी से ज्यादा शूटिंग असम में की गई है। वहीं, सबा आजाद निर्देशक सुधीर मिश्रा की वेब सीरीज में देखी जाएंगी। यह इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर वेब शो होगा, जिसकी स्टार कास्ट में रणवीर शौरी और कई दिग्गज शामिल होंगे।

# सोहा और करिश्मा ने तैमूर को दी जन्मदिन की बधाई, शेयर किया टिम का शरारती वीडिया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** करीना कपूर खान और सैफ अली खान का बेटा तैमूर अली खान आज 20 दिसंबर 2022 को पूरे 6 साल के हो गए हैं। बता दें इन दिनों तैमूर पापा और मम्मी करीना के साथ स्विट्जरलैंड में हैं। इस खास मौके पर टिम को ढेरों जन्मदिन की बधाइयां मिल रही हैं। तैमूर की बुआ सोहा अली खान ने एक क्यूट वीडियो शेयर किया है। इसमे उनकी शरारते भी नजर आ रही हैं। ये सभी जानते हैं कि सोहा अली खान की बेटी इनाया भाई तैमूर संग अच्छा बॉन्ड शेयर करती हैं। तैमूर के बर्थडे पर सोहा ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भाई-बहन का एक प्यार भरा वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो के शुरुआत में इनाया और तैमूर के उस वक्त से होती है, जब वो बहुत छोटे थे। करीना ने तैमूर और सोहा ने इनाया को गोद में लिए हुए थे। वीडियो में दोनों के बीच के प्यार के साथ साथ शरारते भी दिखाई गई है। तैमूर ग्राउंड में खड़ी अपनी बहन इनाया की चप्पल खींचकर उन्हें गिरा देते हैं। उनकी नोकझोंक पर फैंस अपना दिल हार रहे हैं। सोहा ने वीडियो शेयर कर इनाया की तरफ से तैमूर के लिए एक बर्थडे नोट लिखा है। कैप्शन में लिखा है, हमारे बीच कुछ महीनों का फासला है और कई बार ऐसा हुआ है कि बोल आपके कब्जे में रही है और कई बार मेरा पलड़ा भारी रहा। मुझे उम्मीद है कि, हम इस एडवेंचर लाइफ में हमेशा एक-दूसरे से सीखते रहेंगे। जन्मदिन मुबारक हो टिम भाई. ढेर सारा 'लव' इन्नी। करिश्मा कपूर ने भी अपने इंस्टाग्राम पर तैमूर की एक प्यारी तस्वीर साझा की।




# बहन अमृता के साथ मजाक करना मलाइका अरोड़ा को पड़ गया भारी, एक्ट्रेस ने माफी मांगने पर किया मजबूर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** इन दिनों अपने चैट शो 'मूविंग इन विद मलाइका' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस शो के अब तक कई एपिसोड रिलीज हो चुके हैं, जिसमे मलाइका अब तक अरोड़ा का मजाक बनाया था। ऐसे में अमृता अरोड़ा ने नाराजगी जताई। अमृता ने कहा कि 'उस दिन स्टैंड अप कॉमेडी के दौरान आपने मेरा खूब मजाक बनाया जोकि मुझे पसंद नहीं आया। मेरे



भारती सिंह, फराह खान, करण जौहर के साथ नजर आ चुकी हैं। सोमवार को उनका लेस्ट शो आया, जिसमे उनकी फैमिली नजर आई। इस दौरान मां जाइस पॉलीकार्प, बेटा अरहान खान और बहन अमृता अरोड़ा नजर आए। इस दौरान शो में कुछ ऐसा हुआ जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। दरअसल, एक्ट्रेस अमृता अरोड़ा ने मलाइका पर नाराजगी की जताई। बता दें 'मूविंग इन विद मलाइका' शो के स्टैंड अप कॉमेडियन एपिसोड में मलाइका अरोड़ा ने जमकर मस्ती की थी। इस शो में उन्होंने बहन अमृता बारे में बोलने से पहले आप मुझे कॉल या मैसेज कर के एक बार पूछ लिया होता। उस दिन मेरे ढीली कपड़ों के बार में भी टारगेट किया। बहन की नराजगी को देख मलाइका ने उन्हें स्टैंड अप कॉमेडी के नियमों के बारे में भी समझाया, लेकिन इसके बावजूद अमृता ने कहा कि आखिर मैं ही क्यों. इसके लिए क्या आप मुझे बस के नीचे फेंक सकती हैं। बहन को इस तरह देख मलाइका को भी एहसास हुआ की उन्होंने शायद उस दिन कुछ ज्यादा ही बोल दिया था। ऐसे में उन्होंने शो के बीच में ही अमृता से माफी मांगी।

# एक चट्टान, सौ शैतान' 'भोला' के मोशन पोस्टर ने मचाया गदर इस दिन रिलीज हो रही फिल्म

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** 'दृश्यम 2' से लोगों का एंटरटेनमेंट करने के बाद अजय देवगन अपकमिंग फिल्म 'भोला' को लेकर हाजिर हैं। फिल्म का टीजर 22 नवंबर को जारी किया गया था। हाथ में श्रीमद भगवत गीता और माथे पर भस्म लगाते दिखे अब फिल्म के कुछ और मोशन पोस्टर सामने आए हैं, जिसमें अजय देवगन का अलग लुक देखने को मिल रहा है। यह मूवी अजय देवगन के करियर की अब तक की सबसे एडवेंचरस मूवी मानी जा रही है। इसे वन मैन आर्मी की कहानी के रूप में दिखाया गया है, जो



अजय देवगन का यह लुक फैंस के लिए एक सरप्राइज एलिमेंट की तरह आया। सोशल मीडिया पर उनके चाहने वाले उनकी इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और फैंस का यह इंतजार कुछ ही महीनों में खत्म होने वाला है। अजय देवगन ने फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है। 'भोला' सस्पेंस थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अजय देवगन एक्शन करते नजर आएंगे। इस मूवी के डायरेक्टर और प्रोड्यूसर अजय देवगन ही हैं। कुछ दिनों पहले फिल्म का टीजर जारी किया गया था। अलग-अलग रूपों में, इंसानों से लड़ता है। इस फिल्म में एक बार फिर अजय देवगन के साथ तब्बू की केमेस्ट्री ऑडियंस को देखने को मिलेगी। दोनों की यह साथ में 9वीं फिल्म होगी। अजय देवगन और तब्बू स्टारर यह फिल्म 30 मार्च, 2023 को रिलीज हो रही है। फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर करते हुए अजय ने कैप्शन दिया- 'एक चट्टान, सौ शैतान। इस कलयुग में आ रहा है भोला 30 मार्च 2023।' बता दें कि फिल्म के अधिकतर पार्ट की शूटिंग बाबा भोले की नगरी वाराणसी में हुई है। काशी के सेट से अजय देवगन और टीम की कुछ तस्वीरें भी सामने आई थीं। अजय देवगन ने 'भोला' के कई मोशन मोस्टर शेयर किए हैं। फिल्म 3डी में रिलीज की जाएगी। इस मोशन पोस्टर के जारी होते ही कमेंट सेक्शन में फैंस ने एक से बढ़कर एक कमेंट करना शुरू कर दिए। यूजर्स को अजय देवगन का लुक बहुत पसंद आ रहा है। फैंस ने जय भोलेनाथ कह कर अजय देवगन को फिल्म के लिए बधाई दी है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।